खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C

बरेली, सोमवार 4 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 153 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिल कदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**यूपी ने बनाया 9 साल में 9 लाख से अधिक नौकरी देने का रिकॉर्ड: योगी** पेज 2



**लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को 15,660 करोड़ में खरीदा** खेल टाइम्स



**महाशक्ति के पतन का कारण मासूमों की शहादत** सम्पादकीय



**अमेरिका की नाक के नीचे से निकला ईरानी सुपरटैंकर** पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट पार किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया है कि भारत के लिए 46 हजार 313 टन एलपीजी लेकर आ रहे मार्शल आईलैंड के एक गैस टैंकर सर्व शक्ति ने शनिवार को सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया और इसके 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ऊर्जा तथा अन्य क्षेत्रों की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए रविवार को जारी वक्तव्य में कहा कि इस गैस टैंकर पर 18 भारतीय नाविक भी सवार हैं और वे सभी सुरक्षित हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित है।

### चलती फ्लाइट से इमरजेंसी गेट से बाहर कूदा यात्री

**चेन्नई।** रविवार तड़के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एयर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया।

### दिल्ली में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब जोखिम भरा

**नई दिल्ली।** राजधानी में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब महंगा ही नहीं, जोखिम भरा साबित होगा। सरकार की नई सख्त व्यवस्था के तहत चालान का निपटारा 45 दिन में करना अनिवार्य होगा, वरना न सिर्फ अतिरिक्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी, बल्कि वाहन और लाइसेंस से जुड़े काम भी रुक सकते हैं। बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस सस्पेंड करने की नई व्यवस्था की गई है, जबकि कोर्ट जाने से पहले चालान का आधा पैसा जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि अब चालान से बचना मुश्किल होगा और तय समय में उसका भुगतान या चुनौती देना जरूरी होगा।

### 'विश्वकर्मा' श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि श्रमिक राष्ट्र के 'विश्वकर्मा' हैं और उनके कल्याण, सुरक्षा तथा सम्मान को सुनिश्चित करना पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डा. मांडविया ने कहा कि देश के निर्माण और विकास में श्रमिकों की भूमिका सबसे अहम है, इसलिए सरकार उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# ट्रम्प के पास दो ही विकल्प, ईरान के साथ समझौता करें या फिर युद्ध: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि मौजूदा पश्चिम एशियाई तनाव में अमेरिका की रणनीतिक स्थिति तेजी से सीमित होती जा रही है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने विकल्प अब बेहद कम रह गए हैं।

आईआरजीसी की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि ईरान ने अमेरिकी रक्षा प्रतिष्ठान के लिए नाकेबंदी को लेकर एक स्पष्ट समयसीमा तय कर दी है, जबकि चीन, रूस और यूरोप का रुख भी कथित तौर पर अमेरिका के खिलाफ अधिक कठोर होता दिख रहा है। बयान में ट्रम्प के कांग्रेस को भेजे गए पत्र को निष्क्रिय बताया गया और इसे ईरान की वार्ता शर्तों की स्वीकारोक्ति के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया गया। आईआरजीसी के दावे के मुताबिक स्थिति को समझने का केवल यही तरीका है कि ट्रम्प अब या तो एक असंभव सैन्य अभियान शुरू करें या ईरान की शर्तों पर समझौता कर लें। बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी निर्णय- निर्माण की गुंजाइश लगातार सिमट रही है। उल्लेखनीय है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रहे टकराव को खत्म करने के उद्देश्य से एक नया प्रस्ताव पेश किया है।



## ईरान में नया कानून लाने की तैयारी, इजरायल के जहाजों को होर्मुज से गुजरने पर होगी पूर्ण पाबंदी

**तेहरान।** होर्मुज स्ट्रेट पर अपना नियंत्रण और कड़ा करने की योजना के तहत ईरानी सांसदों ने एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के अनुसार, इजरायली जहाजों के इस महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे से गुजरने पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि अमेरिकी जहाजों को केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे युद्ध के दौरान हुए सभी नुकसानों की भरपाई करेंगे। ईरानी संसद के प्रथम उपाध्यक्ष अली निकजाद ने 12-सूत्रीय मसौदा योजना का विवरण देते हुए कहा कि यह नया नियम इजरायली जहाजों को 'किसी भी समय' स्ट्रेट से गुजरने से रोकेगा। उन्होंने कहा कि ईरान द्वारा 'शत्रु देश' के रूप में वर्णित देशों के जहाजों को केवल तभी जाने की अनुमति दी जाएगी जब वे युद्ध क्षति के लिए मुआवजे का भुगतान करेंगे। उपाध्यक्ष ने हालांकि इजरायल के अलावा अन्य देशों के नाम नहीं लिया, लेकिन ईरानी अधिकारी अक्सर अमेरिका और उसके कुछ क्षेत्रीय सहयोगियों, विशेष रूप से खाड़ी देशों के लिए इसी तरह की भाषा का उपयोग करते रहे हैं। ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल के युद्ध को दो महीने बीत चुके हैं और यह समुद्री मार्ग, जो कुल वैश्विक तेल प्रवाह के लगभग 20 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है, फिलहाल बंद है।

## होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है, जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

# दिल्ली: चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ की मौत

## मृतकों में डेढ़ साल का एक बच्चा भी शामिल, 15 लोग बचाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि सिर्फ कंकाल बचा है। डीएनए टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा। शुरुआती जांच में एसी में धमाके के बाद आग फैलने की बात सामने आ रही है। फिलहाल अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। इधर, मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मिलेगी। बिल्डिंग में हर फ्लोर पर दो 4 बीएचके, कुल 8 फ्लैट हैं। इनमें 6 में आग लगी। आग की लपटें दूसरे फ्लोर से तीसरे और फिर चौथे फ्लोर तक पहुंच गई। आग इतनी भयावह थी कि बिल्डिंग के पीछे का पूरा हिस्सा धुएं से काला हो गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले -शेष पृष्ठ दो पर



- **एसी ब्लास्ट की आशंका जताई गई**
- **मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मिलेगी**

# दिल्ली की आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर का अपहरण

## भोपाल में 4 घंटे बंधक बनाया, पिस्टल सटाकर दो करोड़ वसूले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/भोपाल।** भोपाल में 9 बदमाशों द्वारा बुधवार दोपहर आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर किडनैप केस का खुलासा हो गया है। डायरेक्टर को 4 घंटे बंधक बनाकर रखा। कनपटी पर पिस्टल सटाकर करीब एक करोड़ 89 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

वारदात के बाद मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा विदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन रविवार को भोपाल एम्स से पकड़ा गया। मास्टरमाइंड के साथ 5 सहयोगी भी पकड़े गए हैं, जबकि 3 आरोपी फरार हैं। क्राइम ब्रांच पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी संस्थान की फ्रेंचाइजी चलाने वाला युवक है। आरोपी भेल के एक रिटायर्ड अधिकारी का बेटा है। वह पहले दिल्ली में रहकर आईएएस कोचिंग के जरिये यूपीएससी की तैयारी कर चुका है। डायरेक्टर शुभ्रा रंजन के मुताबिक आरोपी ने भोपाल में कोचिंग की दूसरी ब्रांच खोलने और उस जगह का निरीक्षण कराने के बहाने उन्हें बुलाया। वह दिल्ली से भोपाल आई थीं। वह शहर के एक नामी होटल ताज में ठहरी थीं। बुधवार को आरोपी प्रियंक शर्मा उन्हें होटल से 2-3 बजे के करीब अपने साथ ले गया। इसके बाद बागसेवनिया इलाके के एक फ्लैट में ले जाकर बंधक बना लिया। जान से मारने की धमकी दी। कनपटी पर पिस्टल रखी। जान बख्शने के एवज में अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। पहले नंबर -शेष पृष्ठ दो पर

- **विदेश भागने वाला था मास्टरमाइंड**



आरोपी- प्रियंक, रोहित और दीपक

# पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी विधानसभाओं तथा विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार (आज) सुबह आठ बजे शुरू होगी।

पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान कराए जाने के चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार वहां 21 मई को फिर मतदान कराया जाएगा। राज्य की शेष 243 सीटों के चुनावों की मतगणना सोमवार सुबह आठ बजे शुरू होगी। सभी राज्यों में शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से की जा रही मतगणना पूरी होने से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना हर हाल में पूरी कर ली जाएगी। सोमवार रात तक सभी राज्यों के चुनावों के नतीजे आ जाने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राष्ट्रव्यापी बहस के बीच पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा के चुनावों में मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी की। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद मतदान- प्रतिशत के नये रिकॉर्ड बने। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए चुनाव में मतदान का कुल प्रतिशत -शेष पृष्ठ दो पर

- **बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल व असम में सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना**



श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए गए 'नशा मुक्त अभियान' के दौरान लोक कलाकार ।

### विदेशी स्रोतों से धन लेने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने श्रीनगर के एक निवासी को पाकिस्तान और विदेशी स्रोतों से 18 करोड़ रुपये की धनराशि हासिल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वह आईएसआई के लिए काम कर रहा था या पाकिस्तान के लिए जासूसी में शामिल था। श्रीनगर का आसिफ शफी अहंगर से भारत की खुफिया एजेंसियों आरएडब्ल्यू और आईबी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूछताछ की।

# देश का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई ने रविवार को अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से अपना पहला सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च किया। 190 किलो वजन के साथ दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट है।

दृष्टि सैटेलाइट एक साथ ऑप्टिकल और रडार (एसएआर) दोनों से फोटो ले सकता है। अब तक दुनिया के सैटेलाइट या तो मल्टी -स्पेक्ट्रल/हाइपर-स्पेक्ट्रल (ऑप्टिकल) इमेज लेते थे या एसएआर तकनीक का इस्तेमाल करते थे। ऑप्टिकल इमेज साफ और समझने में आसान होती हैं। एसएआर यानी सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक बादलों, बारिश या रात में भी इमेजिंग कर सकती है। गैलेक्सआई ने टेक्नोलॉजी को ओटीओ-एसएआर नाम दिया है। दृष्टि रक्षा, खेती, डिजास्टर मैनेजमेंट, समुद्री निगरानी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग जैसे कामों में मदद करेगा। यह सैटेलाइट इसरो के 29 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट्स का साथ देगा। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर गैलेक्सआई को बधाई दी। कंपनी के संस्थापक सुयश सिंह के मुताबिक,पहले बेहतर जानकारी के लिए अलग-अलग सैटेलाइट का डेटा जोड़ना पड़ता था। इससे अलग-अलग समय और एंगल की तस्वीरों का मेल नहीं बैठता था। 'दृष्टि' एक ही समय में एक ही जगह की सटीक तस्वीर देगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम में ऑप्टिकल इमेज नहीं मिलने पर कंपनी एआई से एसएआर डेटा को ऑप्टिकल जैसी तस्वीरों में बदल सकती है। इससे हर मौसम और हर समय इमेजिंग संभव होगी। यह तकनीक पहले इसलिए विकसित नहीं हुई क्योंकि ज्यादातर सैटेलाइट कंपनियां पश्चिमी देशों में हैं, जहां मौसम साफ रहता है।



- **ऑप्टिकल और रडार दोनों से फोटो ले सकता है, ऐसा करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह दृष्टि**

# राजस्थान में आंधी-बारिश से 3 की मौत, यूपी में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** यूपी, बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में रविवार को बारिश हुई। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

शनिवार को जयपुर, टोंक और अजमेर में 3 लोगों की आंधी-बारिश से मौत हो गई थी। उत्तराखंड के देहरादून में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश से पहले पूरा शहर काले घने बादलों से घिर गया। इससे दिन में शाम जैसा माहौल हो गया। हरियाणा के अंबाला में भी बारिश हुई, जिससे कई कालोनियों में पानी भर गया है। देश के कई शहरों में अब भी हीटवेव की स्थिति है। सोमवार को जम्मू- कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरलम में बारिश होगी।

- **देहरादून में दिन में अंधेरा छाया, तेज बारिश हुई**

## संक्षिप्त समाचार

### सेल्फी लेते समय गंगा में डूबे, दो बहनों समेत चार की मौत

**बलिया।** यूपी के बलिया जिले में मुंडन संस्कार के दौरान हृदयविदारक दुर्घटना सामने आई है, जहां गंगा में डूबने से दो सगी बहनों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मुंडन संस्कार में पहुंचे ये लोग गंगा स्नान के दौरान सेल्फी समय लेते समय गहरे पानी में पहुंच गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन के लोगों ने मछुआरों की मदद से चारों के शवों को बरामद कर लिया गया है। मुंडन संस्कार की खुशियां मातम में तब्दील हो गई है। फफेना थाना क्षेत्र के कल्याणीपुर के रहने वाले वशिष्ठ चौहान के परिवार में मुंडन संस्कार था। पूरा परिवार और रिश्तेदार बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के शिव. रामपुर घाट पर रविवार सुबह पहुंचे थे। मुंडन कार्यक्रम के बीच जब लोग लोग गंगा में स्नान कर रहे थे, तभी सेल्फी लेते कुछ लड़कियां पानी में डूबने लगी। दो लड़कों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव के कारण वह भी डूबने लगे। इस दौरान दो लोगों को लोगों ने बचा लिया, बाकी चार गहरे पानी में डूब गए।

### मिट्टी का टीला ढहा, मां-बेटी समेत तीन की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में रविवार सुबह घर की पुताई के लिए मिट्टी निकालने गईं महिलाओं पर अचानक मिट्टी का टीला ढह गया, जिससे कुछ महिलाएं उसके नीचे दब गईं। इस हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना मंझनपुर तहसील के चकथामा गांव की है, जहां गांव की कई महिलाएं तालाब के किनारे से मिट्टी खोद रही थीं।

# मोदी सरकार में प्रेस की आजादी हुई कमजोर: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि उसके 2014 में सत्ता में आने के बाद से देश की विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में स्थिति बिगघी है और भारत दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर 157वें स्थान पर पहुंच गया है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को एक कठोर और अकाट्य वास्तविकता का सामना करना होगा। प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 2014 से भारत की स्थिति लगातार गिर रही है और आज यह विश्व में गिरकर 157वें स्थान पर है। उन्होंने लिखा कि सच्ची स्वतंत्र प्रेस का अस्तित्व सरकार की कहानी को बढ़ावा देने या उसकी असफलताओं को छिपाने के लिए नहीं है। प्रेस का काम सत्ता के कामकाज की जांच करना, सवाल पूछना और सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाना है। लोकतंत्र में मीडिया शक्ति



■ भारत प्रेस की आजादी को लेकर दुनिया में 157वें स्थान पर

और जनता के बीच संतुलन बनाए रखती है। पत्रकार जनता के सत्य के संरक्षक हैं। खड़गे ने इस सम्बंध में पंडित जवाहरलाल नेहरू का उद्धरण देते हुए कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अनिवार्य अंग है।उन्होंने आंकड़े देते हुए बताया कि 2014 से 2020 के बीच 135 से अधिक पत्रकारों को गिरफ्तार, हिरासत या पूछताछ में लिया गया। वर्ष 2014 से 2023 तक 36 पत्रकार जेल भेजे गए। कई पर यूएपीए जैसे कड़े कानून लगाए गए।

### ग्रेट निकोबार परियोजना में पर्यावरण, आदिवासी अधिकार और पारदर्शिता नदारद: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना में मोदी सरकार ने पर्यावरण, आदिवासियों के अधिकार, वित्तीय व्यवहार्यता और पारदर्शिता को पूरी तरह नजरअंदाज किया है और इन चिंताओं का जवाब देने में वह विफल रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गत 28 अप्रैल की ग्रेट निक. ोबार यात्रा से सरकार विचलित हुई है, इसलिए उसने एक मई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ध्यान भटकाने की कोशिश की है। सरकार संभावित पर्यावरणीय संकट से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है। रमेश ने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप पारिस्थितिकी दृष्टि से अत्यंत संवे. दनशील और विशिष्ट क्षेत्र है। वहां गत पांच वर्षों में पक्षियों, सांपों, गिको और केकड़ों सहित लगभग 50 नई प्रजातियां खोजी गई हैं।

# पश्चिमी व पूर्वी यूपी में आंधी-बारिश का अलर्ट

## 28 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी-झमाझम बारिश होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में हल्की बारिश और ओले गिरने से मौसम ठंडा हो गया है, लोगों को लू और गर्मी से राहत मिली है। अब फिर से मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को पूर्वी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश,आंधी, तूफान चलने का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आने वाले 4-5 दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में रुक-रुककर बारिश-आंधी आने की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान में 2 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जाएगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, औरैया, कानपुर देहात में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया में तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार को राजधानी लखनऊ में बादलों की आवाजाही रही, लेकिन आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली। लखनऊ में आज सुबह करीब 5 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग 20 से 25 मिनट तेज बारिश होने से सुबह का मौसम सुहावना बना रहा। शनिवार को उत्तर प्रदेश का उरई सबसे गर्म जिला रहा, जहां पर अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# स्मार्ट मीटर में हो सकती है गड़बड़ी, तो ईवीएम में क्यों नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर तीखे हमले करते हुए उसे झूठ की सोनपापड़ी बनाने वाली पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता इस बात को बखूबी जानती थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का ग्राफ ऊपर जाएगा और आज वही हो रहा है।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने करीबियों को ज्यादा मुनाफा कमाने से नहीं रोक रही है, जिसके कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य हासिल न कर लें। सपा प्रमुख ने कहा कि



■ अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाया सवाल

समाजवादी सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी सुचारू रूप से चल रहे हैं, जिन्हें डिजिटल डिवाइड खत्म करने के उद्देश्य से दिया गया था। सरकारी कार्यशैली पर तंज कसते हुए उन्होंने हरदोई जाने का एक किस्सा सुनाया, जहां प्रशासन ने एक्सप्रेस-वे बंद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि जिस एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री ने किया हो, उसका बंद होना बड़ी बेइज्जती की बात होती।

## यूपी ने बनाया 9 साल में 9 लाख से अधिक नौकरी देने का रिकॉर्ड: योगी

# पहले बिना डिग्री वाला बन जाता था चेयरमैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। यह किसी भी राज्य में सर्वाधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का रिकॉर्ड है। सिर्फ अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। उन्होंने कहा कि पहले स्थिति यह थी कि जो व्यक्ति पात्र नहीं था, वह भी आयोग का चेयरमैन बन जाता था।

शिक्षा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को लगभग 15 हजार भर्तियां करनी है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) में डेढ़ लाख से अधिक सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया संपन्न होनी है। प्रक्रिया में किसी प्रकार की सेंध न लगे, इसके लिए सख्त कानून भी बनाया है, जिसके तहत सेंधमारी करने वालों को आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त किया जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। अपने संबोधन के पहले मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र वितरित किए। हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़े। इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करते हैं, लेकिन जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, तो न केवल उस युवा के सपने टूटते हैं, बल्कि उसके माता-पिता और परिवार से जुड़े अन्य लोगों की उम्मीदें भी चकनाचूर हो जाती हैं।



■ सीएम ने नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

### सपनों का टूटना भविष्य के साथ धोखा

किसी युवा के सपनों का टूटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ धोखा है। उत्तर प्रदेश की 'बीमारू राज्य' के रूप में पहचान बनाने में चयन प्रक्रियाओं में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार की भूमिका थी। भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं इतनी अधिक थीं कि न्यायालय को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले लगभग हर नियुक्ति प्रक्रिया पर कहीं न कहीं कोर्ट स्टे लगते थे, न्यायालय से कड़ी टिप्पणियां मिलती थीं। यहां तक कि फर्जी डिग्री वाले लोग चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। पैसे के लेनदेन के कारण भर्तियां प्रभावित होती थीं और योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिल पाता था। वर्तमान समय में कई युवा उस दौर से अनभिज्ञ हैं, क्योंकि वे तब नाबालिग थे। वर्ष 2017 के बाद भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया गया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 236882 प्रति किलो

# शेयर बाजारों पर दिखेगा वैश्विक कारकों, पीएमआई आंकड़ों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह निवेशकों का रुख वैश्विक कारकों और पीएमआई के आंकड़ों से तय होगा। वैश्विक कारकों में निवेशकों की नजर पश्चिम एशिया की स्थिति और कच्चे तेल की कीमत पर होगी। घरेलू स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े 4 मई को और सेवा क्षेत्र के 6 मई को जारी होने हैं। बीते सप्ताह सोमवार और बुधवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही, जबकि मंगलवार और गुरुवार को गिरावट देखी गई। शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस पर बाजार बंद रहा। सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 249.29 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त में 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 99.60 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ गुरुवार को 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा मजबूती रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.84 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.50 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट और अन्य 14 में तेजी रही। सन फार्मा का शेयर 11.62 प्रतिशत चढ़ गया। टेक महिंद्रा का शेयर 8.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 7.77, आईटीसी का 4.43, अडानी पोर्ट्स का 4.37, भारती एयरटेल का 3.93, टीसीएस का 3.18 और कोटक महिंद्रा बैंक का 3.8 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इंफोसिस का शेयर 2.34 फीसदी, मारुति सुजुकी का 2.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.94 और बजाज फाइनेंस का 1.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

### कांग्रेस ने झारखंड में किया विभिन्न समितियों का गठन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने झारखंड में राजनीतिक मामलों, समन्वय, अभियान, परिसीमन, चुनाव प्रबंधन और एसआईआर के लिए समितियों का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगा. ोपाल ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन सभी समितियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए 16 उपाध्यक्ष, 43 महासचिव, 81 सचिव तथा 44 संयुक्त सचिवों की भी नियुक्ति की है। राजनीतिक मामलों की समिति में 36 नेताओं को जगह दी गई है।

# चावल, में साप्ताहिक नरमी, दालों, और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,781 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रहा। आटे का भाव भी 3,273 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 20 रुपये और तुअर दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 24 रुपये और मसूर दाल छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 23 रुपये और वनस्पति 11 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल में 72 रुपये और मूंगफली तेल में 31 रुपये की तेजी रही। सोया तेल भी तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति



क्विंटल उतर गया। चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7661.85 रुपये, मसूर काली 8079.55 रुपये, मूंग दाल 10189.46 रुपये, उड़द दाल 10847.02 रुपये, तुअर दाल 11246.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.11 रुपये और चावल 3836.42 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3273.35 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4309.18 रुपये और गुड़ 5031.29 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17851.53 रुपये, मूंगफली तेल 18953.99 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.53 रुपये, सोया तेल 14981.32 रुपये, पाम ऑयल 13498.45 रुपये और वनस्पति 14958.43 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली: चार मंजिला...** फ्लोर से एक शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी। दूसरे फ्लोर पर मिले मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ साल के पोते आकाश जैन के रूप में हुई। तीसरे फ्लोर पर नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैले जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहले फ्लोर पर शिखा जैन (45) का शव मिला, जबकि उनके पति नवीन जैन (48) घायल हो गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि उन्होंने मृतकों के शव देखें हैं। इनमें कौन से शव पुरुष के हैं और कौन से महिला के, इसकी पहचान करना भी मुश्किल है। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग के हर फ्लोर पर दो 4बीएचके फ्लैट हैं। आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी और वहीं सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। 6 फ्लैट्स का सामान जल गया। खिड़कियों और बालकनी पर ग्रिल और लोहे की रॉड लगी थीं, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। फिर भी करीब 15 लोगों को बचाया। इनमें से एक व्यक्ति करीब 30 फीसदी तक जल गया था, जिसे इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**दिल्ली की...** पर मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा है। दूसरे नंबर पर आरोपी रो. हित है। पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने बताया कि प्रियंक पहले से आईएएस अकादमी की एक फ्रेंचाइजी चला रहा था। उसे अंदाजा था कि डायरेक्टर के पास पर्याप्त पैसा है, इसलिए उसने साजिश रची। उसने दतिया और कालाप. ीपल में रहने वाले अपने साथियों को बुलाया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जिस फ्लैट में महिला डायरेक्टर को बंधक बनाया गया था, वहां वारदात वाले दिन सोमवार को सुंदरकांड का पाठ कराया गया। मकसद था कि पीड़िता शोर मचाए तो आवाज बाहर तक न पहुंचे। फ्लैट के एक कमरे में उन्हें 4 घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा गया। पैसे मिलने के बाद बुधवार रात को उनकी रिहाई हुई। पुलिस ने सभी खातों में रकम होल्ड करा दी है, ताकि रकम सुरक्षित रहे।

**पांच राज्यों...** 92.47 रहा। पहले चरण में 152 सीटों के लिए 23 अप्रैल को कराए गए मतदान में 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मता. धिकार का इस्तेमाल किया। दूसरे चरण में रविवार को 142 सीटों पर कुल मिला कर 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की कुल 294 सीटों के लिए 2926 उम्मीवार मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में मतगणना 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 165 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। कांग्रेस और वामपंथी दल भी जोर आजमाइश में हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 23 अप्रैल को एक चरण में हुए मतदान में सभी 234 सीटों पर कुल 84.93 प्रतिशत वोट पड़े। राज्य में कुल 4023 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविण मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और विपक्षी अन्ना द्रमुक-भाजपा गठबंधन के बीच है। इस बार अभिनय की दुनिया से तमिलनाडु की राजनीति के अखाड़े में उतरे सी जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इन विधानसभा चुनावों के पहले चरण में नौ अप्रैल को असम, केरल तथा पुडुचेरी में मतदान कराया गया। असम में 85.46 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य की कुल 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच है। केरल में 78.17 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में मुख्य मुक. ाबला सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच है। भाजपा भी राज्य में पूरे दम खम के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगी है। पहले चरण में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत पुडुचेरी में रहा, जहां 89.87 प्रतिशत वोट डाले गए। वहां 30 सीटों के लिए 294 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। पुडुचेरी में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्षी गठबंधन के बीच सीधा मुक. ाबला है। इन चुनावों में मतदाता सूचियों पुनरीक्षण के अलावा पश्चिम बंगाल और असम में प्रमुख मुद्दा बंगलादेशी घुसपैठियों और भ्रष्टाचार रहा। तमिलनाडु और केरल में भी विकास बनाम भ्रष्टाचार का मुद्दा उछाला गया।

# ड्रग तस्कर राष्ट्र के दुश्मन: उपराज्यपाल

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ड्रग तस्करी को साइलेंट टेररिज्म करार देते हुए इसे जम्मू-कश्मीर के युवाओं, परिवारों और भविष्य को नष्ट करने की साजिश बताया। उन्होंने सा़फ कहा कि नशा कारोबार से जुड़े लोग देश के दुश्मन हैं और उनसे सही ढंग से निपटा जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि ड्रग तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को श्रीनगर के टीआरसी फुटबाल ग्राउंड में नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए एलजी सिन्हा ने कहा कि महज 22 दिनों में यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि अब हर घर, हर मोहल्ले और हर गली में इस बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है, जहां मादक पदार्थ युवाओं की जीवन शक्ति को छीन रहे हैं। एलजी सिन्हा ने बताया कि उन्होंने जम्मू संभाग के आठ जिलों का दौरा किया और पदयात्राएं कीं, जहां लोगों ने एकजुट होकर अपने बच्चों और भविष्य को बचाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब सभी पीढ़ियों और समाज के हर वर्ग को जोड़ रहा है। उन्होंने धार्मिक नेताओं, इमामों, शिक्षकों, महिलाओं और युवा संगठनों से भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और कहा कि अब चुप रहने का समय खत्म हो चुका है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान ने पीढ़ियों और समाज के विभिन्न वर्गों को एक सामूहिक लड़ाई में एकजुट किया है। एलजी सिन्हा ने बताया कि 11 अप्रैल से 100 दिन का विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें अभी 78 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन और हर घंटे की अहमियत है और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि जम्मू-कश्मीर को नशा मुक्त समाज का मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन तीन मोर्चों पर काम कर रहा है। आपूर्ति श्रृंखलाओं को तोड़ना, जन जागरूकता फैलाना और नशेड़ियों का पुनर्वास करना। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनभागीदारी सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई और कानून अकेले पर्याप्त नहीं हैं, जब तक कि समाज एकजुट न हो।



■ युवाओं की रगों में जहर घोलने वालों पर कसी जा रही नकेल

### 481 से अधिक एफआईआर

आंकड़े देते हुए उपराज्यपाल ने बताया कि 11 अप्रैल से 2 मई के बीच 481 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, 518 नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया गया, 24 नशीले पदार्थों से संबंधित संपत्तियां जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि इनमें से 26 कश्मीर के जिलों में थीं। इसके साथ ही लगभग 300 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। 5 पासपोर्ट रद्द किए गए, 325 वाहन जब्त किए गए। वहीं 3000 से अधिक दवा दुकानों का निरीक्षण किया गया। 107 लाइसेंस निलंबित किए गए और एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# इश्क से इंकार पर बौखलाया युवक, महिला पर जानलेवा हमला

## साथी संग घर में घुसकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। निजी अस्पताल में काम करने वाली महिला ने अपने ही मोहल्ले के युवक पर अश्लील मैसेज भेजने और प्रेम संबंध का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर विवाहिता के घर में घुसकर मारपीट की और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली विवाहिता कैलसा बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करती थी। वहीं पर उसके मोहल्ले का ही शाहवेज भी काम करता था। आरोप है कि तीन महीना पहले नौकरी करते समय शाहवेज ने विवाहिता से बात करना शुरू कर दिया और आखिर में इश्क का इजहार कर दिया। विवाहिता ने विरोध किया तो उस वक्त अस्पताल स्टाफ ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि उसके बाद शाहवेज ने विवाहिता के मोबाइल पर कॉल करने के साथी व्हाट्सऐप पर मैसेज भेजने शुरू कर दिए। अश्लील बातें भी शुरू कर दीं, साथ ही प्रेम प्रसंग का दबाव बनाया। परेशान होकर विवाहिता ने पुलिस से शिकायत करने की धमकी दी। आरोप है कि इससे नाराज होकर शाहवेज अपने साथी शादाब मलिक के साथ 28 अप्रैल की शाम को उसके घर में घुस आया। दोनों ने मारपीट की तथा गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। मोहल्ले के लोगों को जमा होते देख दोनों आरोपी फरार हो गए। इसके बाद मामले में समझौता कराने के लिए पंचायत का दौर चला लेकिन पीड़िता किसी सूरत मानने को तैयार नहीं हुई। शनिवार को पीड़िता ने शहर कोतवाली पहुंच तहरीर दे दी। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर शाहवेज व शादाब मलिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

### मासूमों की सिसकियों से गूंज उठी कोतवाली

# मां-बाप की जिद में बंट गया बच्चों का बचपन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शराब की बोतल ने हंसता खेलता परिवार उजाड़ दिया। जब मासूम बच्चों के बंटवारे का नंबर आया तो देखने वालों आंखों से भी आंसू छलक आये।

कोतवाली इलाके के गांव निवासी एक युवक की शादी 6 साल पहले बछरायूं क्षेत्र के गांव में हुई थी। युवक शराब पीने का आदी हो गया। आये दिन घर में मारपीट होने लगी। कई बार पत्नी पंचायत के माध्यम से ससुराल गई। मामला कोतवाली पहुंचा तो पत्नी ने पति के साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। पत्नी दोनों बच्चों को साथ ले जाने के लिए तैयार नहीं थी। पति भी बच्चों को साथ ले जाने से इनकार कर रहा था। फिर बातनहुई छोटा बेटा बाप के साथ जायेगा और दूसरा बड़ा मासूम बेटा वह बाप के साथ जायेगा।

**शराब ने उजाड़ा घर, पत्नी ने किया पति के साथ रहने से इंकार**

उसके बाद दोनों मासूम बच्चे हिड़की बांधकर रोने लगे। इसका असर ना तो बाप पर हो रहा था और ना मां पर हो रहा था। इस सिंचवेशन ने पत्थर दिल इंसान को भी झकझोर कर रख दिया। एक तरफ नशे में धुत पति की जिद थी, तो दूसरी तरफ अपने स्वाभिमान के लिए लड़ती एक बेबस पत्नी। मामला तब रूह कपा देने वाला हो गया जब कोतवाली के ठंडे फर्श पर खिलौनों की तरह मासूम बच्चों का बंटवारा होने लगा। जानकारी के मुताबिक, पति की शराब पीने की लत ने घर को नर्क बना दिया था। हर शाम बोतल खुलते ही घर में कलह का सैलाब उमड़ पड़ता था। रोज-रोज की अनबन से तंग आकर बात पुलिस की चौखट तक पहुँच गई। घंटों तक कोतवाली में हाई-वोल्टेज ड्रामा चला। रिश्तेदार हाथ जोड़कर दोनों को समझाते रहे। दुहाइयां दी गईं, वादे किए गये, लेकिन नशे के अहंकार के आगे ममता की पुकार हार गई। जब मासूम बच्चे अपने पिता और माँ के बीच फटेहाल खड़े थे, तो वहां मौजूद हर शख्स की आँखें नम थीं। शराब सिर्फ लीवर ही नहीं, बल्कि एक पूरा परिवार और बच्चों का भविष्य भी जलाकर राख कर देती है।

# फर्जी अभिलेखों से मस्जिद की दुकाने किराये पर दीं

## पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मस्जिद की दुकानों को फर्जी तरीके से किराए पर दे दिया। जानकारी पर मुतावल्ली के होश उड़ गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिया वक्फ बोर्ड ने भी किराएनामे अवैध बताए थे।

मामला शहर के मोहल्ला लकड़ा से जुड़ा हुआ है। यहां पर मस्जिद अब्दाल मोहम्मद स्थित है। जो, शिया वक्फ बोर्ड के रिकार्ड में दर्ज है। मोहल्ले के रहने वाले अधिवक्ता शाहनवाज हैदर को साल 2023 में शिया वक्फ बोर्ड ने मस्जिद का मुतावल्ली नियुक्त किया था। उनका आरोप है कि मोहल्ला दानिशमंदान निवासी अरमान बानो व मोहल्ला बगला निवासी सैय्यद अफजाल अहमद ने फर्जी कागजात तैयार कर मस्जिद की दुकान मोहल्ला मेहम्मदी सराय निवासी हरि गोविंद गिरी की पत्नी सुनीता गिरी को किराए पर दे दी। जिसका किरायानामा तैयार करते समय मोहल्ला लकड़ा निवासी राम सिंह व मोहल्ला बगला निवासी बाकर रजा को गवाह दिखाया है। जानकारी मिलने पर शाहनवाज हैदर ने इसकी शिकायत वक्फ बोर्ड में करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। वक्फ बोर्ड के आदेश पर डीएम ने जिला स्तरीय टीम गठित कर जांच कराई तो तथ्य सामने आया कि किरायानामा फर्जी है। जिस पर शाहनवाज हैदर ने शहर कोतवाली में तहरीर दे दी थी। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में मुतावल्ली की तहरीर पर सैय्यद अरमान बानो, सैय्यद अफजाल अहमद, सुनीता गिरी, बाकर रजा व राम सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने से संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# अवर अभियंता परीक्षा से 558 रहे गैरहाजिर

## नगर के नौ केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कड़ी सुरक्षा के बीच अवर अभियंता सिविल मुख्य परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गई। 366 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 558 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

रविवार को नगर के दस परीक्षा केन्द्रों पर अवर अभियंता सिविल की परीक्षा आयोजित करायी गयी। परीक्षा में पंजीकृत 4224 अभ्यर्थियों में से 3666 ने परीक्षा दी जबकि 558 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। परीक्षा सुबह दस बजे से 12 बजे के बीच सम्पन्न करायी गयी। परीक्षा के लिए नगर के एकेके इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज, जेएस हिन्दू इंटर कालेज, जेएस डिग्री कालेज, कुंदन इंटर कालेज, जीजीआईसी, जीआईसी, सिख इंटर कालेज व भगवत सरन इंटर कालेज में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न करायी गयी। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी, जबकि प्रत्येक केंद्र पर एक दरोगा सहित पुलिस बल मुस्तैद रहा। इसके अलावा परीक्षा कराने वाली संस्था की 'बी टीम' भी केंद्रों पर सक्रिय रही, जिसने व्यवस्थाओं और गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें और जन सेवा केंद्र बंद रखे गए। साथ ही शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू किया गया, जिससे अभ्यर्थियों को केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

## परीक्षा छूटते ही सड़कें जाम की गिरफ्त में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेई सिविल परीक्षा के छूटते ही सड़के जाम की गिरफ्त में रही। टीपी नगर चौराहा, फ्लाईओवर व बिजनौर रोड पर वाहनों के पहिए थम जाने से लोगों को जाम से दो चार होना पड़ा। किसी तरह ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जाम को खुलवाकर लोगों को मंजिल तक जाने का रास्ता साफ किया।

रविवार को जनपद के नौ परीक्षा केंद्रों जेएस डिग्री कॉलेज, जीईसी, जीजीआईसी समेत कई परीक्षा केंद्रों पर जेई सिविल परीक्षा सम्पन्न हुई। सुबह दस से दोपहर बारह बजे तक एक पाली में सम्पन्न हुई परीक्षा में 4125 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। बारह बजे जैसे ही परीक्षा छूटी तो अभ्यर्थियों की भीड़ एक साथ परीक्षा केंद्रों से बाहर निकली तो सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया।फ्लाई ओवर, टीपी चौराहा व बिजनौर रोड पर वाहन रेंग रेंग कर चलने लगे। ट्रैफिक पुलिस व पुलिस कर्मियों ने किसी तरह जाम को कंट्रोल कर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई। इस परीक्षा को लेकर रूट डाइवर्जन का खाका तैयार किया गया था। परंतु जाम से निजात नहीं मिल पाई।



# लाखों की चोरी का पुलिस ने किया राजफाश

## साढ़े चार लाख की नकदी व जेवर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब साढ़े चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत की सूर्यवंशी कॉलोनी निवासी अंशु सैनी के घर शनिवार शाम चोरी की घटना हुई थी, जिसमें कीमती आभूषण और नकदी चोरी हो गई थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए



कार्रवाई शुरू की और जनसहयोग के आधार पर संभल जनपद के सराय तरीन निवासी अकरम पुत्र असलम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी में सोने-चांदी के हार, चेन, कुंडल, झुमकी व पाजेब समेत अन्य जेवर बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4.5 लाख रुपये है। इसके अलावा तीन हजार रुपये नकद भी बरामद हुए। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## दोनों ओर से 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिनके बीच जमकर लाठी-डंडे चले। ग्रामीणों ने बमुश्किल बीच-बचाव कराया। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव लतीफपुर में बीती एक मई की सुबह 11 बजे की है। गांव निवासी रोनी का आरोप है कि वह घर से घेर की ओर जा रहा था। उसी दौरान गांव के रहने वाले जयकुमार, अंकित, प्रिंस, जॉनी, अनुज, मोनू, राहुल व नितिन रास्ते में खड़े मिले। जिन्होंने देखते ही गालियां देनी शुरू कर दीं। विरोध किया तो लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर परिजनों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, दूसरे पक्ष से निपांशु ने रोनी, उसके भाई जॉनी व आकाश पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि बीती एक मई की सुबह वह गांव में ही जयकुमार के घर से सामान लेने जा रहा था। रास्ते में तीनों घेरकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच शुरू कर दी है, इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## पुरानी रंजिश में महिला से मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव रूपानागल में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक महिला के साथ भी हाथापाई की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब 7 बजे कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान लाठी-डंडों और थप्पड़ों से एक-दूसरे पर हमला किया गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन माहौल तनावपूर्ण बना रहा। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है।

## पूर्व सपा जिलाध्यक्ष की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। मुरादाबाद मंडल में आर्य समाज के मजबूत स्तंभ एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे स्वर्गीय बुध सिंह यादव की पांचवीं पुण्यतिथि रविवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आर्य समाज विधि से यज्ञ पूजन कर उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा उनके बताए सत्य और समाज सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व. बुध सिंह यादव केवल एक शिक्षक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की एक मजबूत पहचान थे। उन्होंने आर्य समाज के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान उनके पुत्र देवव्रत यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवक के चेहरे पर धारदार हथियार से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नशे में धुत युवक ने सरेराह युवक के चेहरे पर धारदार हथियार मारकर तांडव मचा दिया।

शनिवार की शाम पूठ रोड निवासी आशरान पुत्र शाने अहमद बाइक पर जा रहा था। मोहल्ले का हीं एक युवक नशे में धुत होकर बाइक टकरा गया। मामूली टक्कर खूनी मंजर में बदल गई। बात माफी पर खत्म हो सकती थी। लेकिन नशे के जुनून ने हैवानियत का रूप ले लिया। कहासुनी के बीच आरोपी ने अचानक धारदार हथियार निकाला और आशरान के चेहरे पर जोरदार प्रहार कर दिया। हमला इतना सटीक और गहरा था कि चेहरे से खून का फव्वारा फूट पड़ा। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हमलावर फरार हो गया। आनन-फानन में लहूलुहान युवक को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मन्दिर में शादी करने पहुंचा प्रेमी युगल

## युवती को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र में एक प्रेमी युगल का मामला फिर चर्चा में आ गया है। सप्ताह भर पहले प्रेमी युगल ने मंदिर में शादी कर थाने पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था कि तीन महीने बाद विधिवत शादी कराई जाएगी। जिस पर दोनों अपने-अपने घर लौट गए थे। युवती अपनी बड़ी बहन शीतल के घर रामनगर जोया में रह रही थी। आरोप है कि बीती देर रात शाहपुर पैगंबरपुर गांव निवासी युवक नितिन उसे फुसलाकर अपने साथ ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नितिन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पालिका बोर्ड की बैठक स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर पालिका गजरौला की आज होने वाली बैठक को पश्चिम बंगाल सहित अन्य पांच राज्यों में होने वाली मतगणना के दृष्टिगत सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरस्त कर दिया गया है। यह जानकारी पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने बताया कि अग्रिम बैठक की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

### संरक्षक रोहताश शर्मा व जिलाध्यक्ष बने डॉ .राजीव शुक्ल, ओमप्रकाश शर्मा को मिली गजरौला की कमान

# एक दूसरे के सुख-दुख में काम आएं ब्राह्मण बंधु: बीडी शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा ने ब्राह्मण समाज के लोगों से एक दूसरे के सुख-दुख में काम आने का आह्वान करते हुए

**अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित**




जनपद अमरोहा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए डॉ.राजीव शुक्ल को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई।

रविवार को नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में आयोजित बैठक में घोषित की गई कार्यकारिणी के अनुसार डॉ.राजीव शुक्ल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया जबकि रोहताश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, योगेंद्र प्रसाद शर्मा, कपिल शर्मा, राम शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा को संरक्षक, कपिल शर्मा व मनु शर्मा को जिला महामंत्री, प्रमोद शर्मा, दिनेश शर्मा, संजय शर्मा, मुकेश शर्मा, कपिल शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, विवेक शर्मा, पवन शर्मा, कमल कुमार शर्मा, राजू शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एसवी त्रिपाठी, अनिल दुबे, पवन कुमार शर्मा को जिला मंत्री, पवन कौशिक को जिला संगठन मंत्री, संजीव शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष, एड0 डॉरविन्द्र शुक्ला व सर्वेश शर्मा को विधि सलाहकार, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, जागेश शर्मा, डॉ.दिनेश शर्मा, मुकुल शर्मा, सचिन शर्मा, निश्चल शर्मा, पी.के उपाध्याय को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। गजरौला से ओमप्रकाश शर्मा को नगराध्यक्ष, योगेश प्रभाकर को नगर महामंत्री, अश्वनी शर्मा को कोषाध्यक्ष, विनय शर्मा को मंत्री जबकि अशोक शर्मा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं राजीव दीक्षित को मण्डी धनौरा नगराध्यक्ष, श्रीपति शर्मा को नगर महामंत्री, मुकेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा को मंत्री जबकि हसनपुर नगर से उपाध्यक्ष संजय शर्मा, नगर तथा ब्लॉक स्तर से भी नाम मनोनीत किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव शुक्ला ने ब्राह्मण समाज के सुख-दुख में साथ खड़े होने का भरोसा दिया। कहा कि ब्राह्मणों के उत्थान के लिए सक्रिय होकर कदम उठाए जाएंगे। संरक्षक रोहताश शर्मा (पूर्व चेयरमैन) ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लिए एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में इण्टरमीडिएट की टॉप टेन में तीसरे स्थान पर रहीं पाल गांव निवासी भूमि शर्मा को राष्ट्रीय व प्रदेशाध्यक्ष ने सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री पंडित शिव मोहन भारद्वाज, मुनीश शर्मा, राजेश शर्मा, पंडित त्रिभुवन शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, कुंवरपाल शर्मा, बुद्धि प्रकाश शर्मा, संजय शर्मा, मुकेश शर्मा, पंडित ब्रह्मानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धनौरा में युवाओं ने थामा रालोद का दामन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर में राष्ट्रीय लोकदल का जनाधार लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। रविवार को रालोद के सदस्यता अभियान के तहत सलमान मलिक सहित कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी रही। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने युवा नेता पुष्पराज चौधरी के सहयोग से सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में सलमान मलिक, मोनू मंसूरी, राजा चौधरी, जावेद मलिक, फैसल सैफी, सऊद सैफी, अनस सैफी, शादाब चौधरी, तनिस सैफी और बिलाल चौधरी प्रमुख रूप से शामिल रहे।जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं और सभी वर्गों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है।

# शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप

## पंचायत में समझौते के बाद हुआ निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग का मामला उस समय तूल पकड़ गयाद्य जब युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारी. रिक संबंध बनाने और बाद में शादी से मुकरने का आरोप लगाया। गांव निवासी किसान की पुत्री का उसी गांव के एक युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएद्य लेकिन जब उसने शादी की बात कही तो युवक मुकर गया।बताया जाता है कि शुक्रवार को युवक ने युवती का फोन उठाना बंद कर दिया। इस पर युवती सीधे उसके घर पहुंच गई और शादी की जिद पर अड़ गई। युवती को घर पर देख युवक मौके से फरार हो गया। इसके बाद युवती थाने पहुंची और युवक के विरुद्ध तहरीर दी। मामले की जानकारी मिलने पर गांव में पंचायत बैठी, जिसमें दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। पंचायत के फैसले के बाद दोनों का गांव में ही निकाह करा दिया। निकाह के बाद युवती दुल्हन बनकर अपने ससुराल चली गई। वहीं दोनों पक्षों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है।

# गौवंश संरक्षण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम

## गौश्रय स्थलों में पेयजल व गर्मी से बचाव की समुचित व्यवस्था हो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी गौश्रय स्थलों में पेयजल, गर्मी से बचाव, चारे एवं शेड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौवंश संरक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में गौआश्रय स्थलों की जिलास्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें डीएम ने भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी गौ आश्रय स्थलों में पेयजल, गर्मी से बचाव, चारे एवं शेड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी गौश्रय स्थलों में पेयजल, गर्मी से बचाव, चारे एवं शेड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौवंश संरक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक में ग्रीष्म ऋतु में गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थायें करने, गौ आश्रय स्थलों में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों के डीवीआर की स्टोरेज क्षमता, इंटरनेट कनेक्टिविटी, पावर बैकअप की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने व उनके एंगल इस प्रकार किये जाने कि गौ आश्रय स्थल में हो रही गतिविधियों का सेंट्रल सीसीटीवी कंट्रोल रूम से ठीक प्रकार से अवलोकन हो सके। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एसडीएम श्रीमती विभा श्रीवास्तव, सीवीओ डॉ. आभा दत्त सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक ने पड़ौसी की बेटी से किया दुष्कर्म

## आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने पड़ोसी की 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान किशोरी के माता पिता किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां निवासी एक ग्रामीण और उसकी पत्नी शनिवार को किसी काम से घर से बाहर गए थे। उनकी 13 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी, जबकि उसके दो छोटे भाई बाहर खेल रहे थे। आरोप है कि इस दौरान गांव का पड़ोसी युवक उसके घर में घुस आया और किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद किशोरी के दोनों भाई आ गए। जिनको देख आरोपी भाग गए। दोपहर बाद किशोरी के माता-पिता आए तो किशोरी ने अपने साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित पक्ष के लोग थाने पहुंचे और पुलिस को आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने आरा. ेपी जुबैर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के

■ पंचायत के बाद दोनों का कराया निकाह

एक गांव में प्रेम प्रसंग का मामला उस समय तूल पकड़ गया, जब युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारी. रिक संबंध बनाने और बाद में शादी से मुकरने का आरोप लगाया।

गांव निवासी किसान की पुत्री का उसी गांव के एक युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएद्य लेकिन जब उसने शादी की बात कही तो युवक मुकर गया।बताया जाता है कि शुक्रवार को युवक ने युवती का फोन उठाना बंद कर दिया। इस पर युवती सीधे उसके घर पहुंच गई और शादी की जिद पर अड़ गई। युवती को घर पर देख युवक मौके से फरार हो गया। इसके बाद युवती थाने पहुंची और युवक के विरुद्ध तहरीर दी। मामले की जानकारी मिलने पर गांव में पंचायत बैठी, जिसमें दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। पंचायत के फैसले के बाद दोनों का गांव में ही निकाह करा दिया गया।निकाह के बाद युवती दुल्हन बनकर अपने ससुराल चली गई। वहीं दोनों पक्षों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है।

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया में एक 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मुहल्ला जमा मस्जिद निवासी कासिम की पत्नी आसिया शनिवार को अपने बच्चों का दाखिला कराने गजरौला गई थीं। इस दौरान उनकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर अन्य छोटे बच्चों के साथ मौजूद थी। आरोप है कि हरियाना गांव निवासी सानिब, हाजी मौज्जम, मरियम, शाहरुख, हुमा और आजम किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए।किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली हैद्य साथ ही किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस टीम तलाश में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वालियान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

■ छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

# मादक पदार्थ की तस्करी में एक साल चार माह की जेल

## कोर्ट ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी करार देते हुए 1 साल 4 महीने 7 दिन जेल की सजा सुनाई। दोषी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। हसनपुर कोतवाली पुलिस ने नौ साल पूर्व 26 दिसंबर 2017 को नगर के मोहल्ला पत्थर वाली मस्जिद के पास रहने वाले नफीस को 2 किलो 700 ग्राम अफीम डोडा चूर्ण के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में तत्कालीन दरोगा पवन कुमार पाठक ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी नफीस को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। बाद में उसे जमानत मिल गई थी। मुझेकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) द्वितीय में विचाराधीन थी। शनिवार को कोर्ट ने इस मुकदमे में अपनी अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर नफीस को दोषी माना। एक साल चार महीने 7 दिन जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

# रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मुबारकपुर जोया निवासी संजय कुमार अपने दोस्त राज निवासी मोहल्ला कोट अमरोहा के साथ चौधरपुर स्थित एहसन अस्पताल से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चौधरपुर फ्लाईओवर पर पहुंची, पीछे से आ रही एक अज्ञात रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए चौधरपुर गांव स्थित जीवन 24 अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार राज की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।

# हादसे में घायल आढ़ती की इलाज के दौरान मौत

## दस दिन पहले हुआ था हादसा, चालक पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए आढ़ती की दस दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों में को. हराम मचा हुआ है।

मुरादाबाद जिले के थाना मझोला क्षेत्र के मुहल्ला लाइन पार निवासी 55 वर्षीय आढ़ती पन्ना लाल सैनी 19 अप्रैल की देर शाम गजरौला से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चौधरपुर के पास सीएल गुप्ता कंपनी के नजदीक पहुंची, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पन्ना लाल गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया।हालत गंभीर होने पर स्वजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद के लालसिंह अस्पताल ले गए। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मृतक अपने पीछे पत्नी शांति देवी, दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। मृतक के पुत्र गौरव सैनी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉक्टर व फार्मासिस्ट पर गायब रहने का आरोप

# वार्ड बॉय व स्वीपर के सहारे चल रहा अस्पताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की पोल रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक फोटो ने खोल दी। फोटो में अस्पताल का वार्ड बॉय बिजली विभाग के लाइनमैन को इंजेक्शन लगाता दिखाई दे रहा है। तस्वीर सामने आने के बाद सीएचसी की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के लाइनमैन राजवीर सिंह दिवाकर रविवार शाम करीब पांच बजे अपनी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पहुंचे थे। अस्पताल की बिजली लाइन में तकनीकी खराबी आई हुई थी। राजवीर सिंह खंभे पर चढ़कर फॉल्ट ठीक कर रहे थे। इसी दौरान काम पूरा कर नीचे उतरते समय एक आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और पैर में काट लिया। घायल लाइनमैन को अस्पताल में उपचार तो मिला, लेकिन उपचार देने के लिए कोई डॉक्टर या फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था। वायरल फोटो में वार्ड बॉय इंजेक्शन लगाता साफ दिखाई दे रहा है। फोटो वायरल होते ही लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए कि आखिर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती किसलिए है, जब इलाज वार्ड बॉय के भरोसे ही होना है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीएचसी में यह हाल कोई नई बात नहीं है। नाम न छापने की शर्त पर कई लोगों ने बताया कि अस्पताल में अक्सर डॉक्टर और फार्मासिस्ट अपनी सीटों से गायब रहते हैं। मरीजों को मजबूरी में वार्ड बॉय और सफाई कर्मचारियों के भरोसे इलाज कराना पड़ता है। आरोप है कि कई बार मरीज घंटों तक डॉक्टर का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदार कर्मचारी आराम फरमाते रहते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दावे कर रही है, लेकिन धरातल पर हालत बद से बदतर हैं। अस्पतालों में न समय से डॉक्टर मिलते हैं और न ही जरूरी व्यवस्थाएं। ऊपर से गैर प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा मरीजों का इलाज कराया जाना मरीजों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ माना जा रहा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक लगातार सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दे रहे हैं, लेकिन मंडी धनौरा सीएचसी की तस्वीरें विभागीय लापरवाही की हकीकत बयां कर रही हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। अधिकारी पूरे मामले पर चुप्पी साधे रहे।

# नीलगाय से टकराई कार, हवा में उछलकर पलटी

## गंगा एक्सप्रेस वे पर अवारा पशुओं का कहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे पर आवारा पशुओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला गांव रुखालू के पास का है। जहाँ प्रयागराज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अचानक सामने आई नीलगाय से टकरा गई। टक्कर यूइतनी जबरदस्त थी कि कार हवा में उछलकर पलट गई। जिससे उसमें सवार विनय गुप्ता व उनका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं एक अन्य सड़क दुर्घटना हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर कालका वाली डगरौली के पास हुई। यहाँ एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सकरौली निवासी सतीश, बंटी और प्रेमपाल व सतीश गंभीर रूप से घायल हो गये। वारदात के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाँ उनका उपचार जारी है। क्षेत्र में बढ़ते हादसों ने सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं।

# प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवायें व्यापारी

## कोतवाली परिसर में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली पुलिस ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की है। ताकि अपराधों पर अंकुश लग सके।

डिडौली रविवार को कोतवाली परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र वालियान ने की।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र की सुरक्षा सभी के सहयोग से ही संभव हैद्य इसलिए रात्रि में सुरक्षा के लिए एक चौकीदार नियुक्त करने के लिए भी व्यापारियों को प्रेरित किया गया।उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति आसपास घूमता हुआ दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की बात भी कही गई।बैठक में एस,.एस.आई नरेंद्र सिंह सहित व्यापारी सुरक्षा फोरम डिडौली इकाई के नगर चेयरमैन हाजी असलम, संरक्षक मोहसिन, अध्यक्ष मोनू, चमन सिंह, नेमपाल सिंह, रतन सिंह, मुखराम सिंह, अमित कुमार, वीरपाल सिंह, महिपाल सिंह, इरफान अली सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### दो चोर दबोचे, नकदी व सामान बरामद, फरार साथियों की तलाश में जुटी पुलिस

# किसान के खेत से स्टार्टर चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान के खेत से ट्यूबवेल स्टार्टर चोरी के एक आरा. ेपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया स्टार्टर, दो सोलर प्लेट और नकदी बरामद हुई है।

पुलिस के मुताबिक बीती 1 मई को गांव रज्जाकपुर निवासी किसान अमित कुमार ने अपने खेत से स्टार्टर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच के दौरान 2 मई की सुबह पुलिस टीम ने करीब 6:30 बजे धनौरा बाईपास से गांव खेतापुर जाने वाली सड़क किनारे आम के बाग के सामने से आरोपी आमिर पुत्र तौफीक को गिरफ्तार किया जो अमरोहा शहर के मोहल्ला कुरैशी, एक मीनार मस्जिद के पास का रहने वाला है। गिरफ्तारी के समय आमिर के पास से चोरी किया गया एक स्टार्टर, दो सोलर प्लेट और 5000 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी आमिर ने बताया कि मौके से फरार हुआ उसका साथी मोहसिन उर्फ बिजू भी अमरोहा शहर के मोहल्ला कुरैशी, गली नंबर 12 का निवासी है। आमिर ने खुलासा किया कि लगभग 10 महीने पहले उसने और मोहसिन ने अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कचिया के जंगल से दो ट्यूबवेलों से तार और स्टार्टर चोरी किए थे। चोरी किए गए तार और स्टार्टर उन्होंने राह चलते कबाड़ियों को 15,000 रुपये में बेच दिए थे। पैसे दोनों ने आपस में बांट लिए थे। बरामद 5000 रुपये उन्हीं चोरी के पैसों में से बचे हुए हैं, बाकी पैसे मौज-मस्ती में खर्च कर दिए गए। पुलिस फरार आरोपी मो. हसिन की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में दर्द मुकदमे में बरामदगी से संबंधित धारा की बढ़ोत्तरी कर आरोपी आमिर का चालान कर दिया गया है।

■ फरार साथी की तलाश में जुटी पुलिस, 15 हजार रुपये में कबाड़ी बेच दिये थे स्टार्टर

# युवती का फोटो वायरल कर ब्लैकमेलिंग का आरोप

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में एक युवती को ब्लैकमेल कर उसकी फोटो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार संभल जिले के थाना असमोली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती मुरादाबाद जिले के थाना मझोला क्षेत्र के गांगन लाकड़ी फाजलपुर में किराये पर रह रही है। वहीं के निवासी शमशाद जो एक ई-कॉमर्स कंपनी में डिलीवरी का काम करता है से पिछले करीब छह माह से उसका संपर्क था।युवती का आरोप है कि मना करने पर युवक ने उसकी फोटो उसके भाई के मोबाइल पर भेजकर वायरल कर दी। इससे आक्रोशित युवती ने बीती देर शाम युवक को डिडौली स्थित हाईवे किनारे राजा जी ढाबा के पास फोन कर बुलाया। वहां फोटो वायरल करने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी के बाद गाली-गलौज और मारपीट हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने आरोपी शमशाद के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# चोरी के अल्टीनेटर के साथ दो चोर पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आदमपुर।** निर्माणाधीन पानी की टंकी से जनरेटर से अल्टीनेटर चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान व बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने बीती रात ग्राम बहाद. ुरपुर स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी के जनरेटर से अल्टीनेटर चोरी किया था और उसे बेचने के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रामचरन पुत्र सत्तू सिंह निवासी ग्राम हरोरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद और किशनपाल पुत्र प्रेमपाल निवासी कनुआ नंगला थाना धनारी जनपद सम्भल शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक 32 केवी का अल्टीनेटर और एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन




**मुजफ्फरनगर।** स्मार्ट मीटर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने महावीर चौक पर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में स्मार्ट मीटर की प्रतियां जलाई गई। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर के बिल उपभोग से कई गुना अधिक आ रहे हैं । बिल जमा करने के बावजूद घरेलू बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। महंगी बिजली की मार प्रत्एक उपभोक्ता झेलने को मजबूर है। योगी सरकार और बिजली कंपनियां मिलकर भोली भाली जनता को लूटने में लगी है। जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान ने प्रीपेड स्मार्टमीटर को उखाड़ फेंकने की जरूरत पर बल देते हुए इसे बदले जाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों में जिला महासचिव अजय चौधरी, सदर विधान सभा अध्यक्ष शिवा सिंघल, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप तोमर, संजीव मान , अजय बरवाला, पूर्व जिला महासचिव तसव्वुर हुसैन, शहजाद, इसरार , कार्तिक, शाहना परवीन आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# तालाब में नहाने गए तीन किशोरों की डूबकर मौत

- गांव में एक साथ तीन की मौ से मचा कोहराम
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ली जानकारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रविवार की दोपहर में तिलमास के अधिकांस ग्रामीण घरों में आराम कर रहे थे। त्रिवेंद्र, भीमसेन पुत्र चरन सिंह यादव, आयुष पुत्र जियालाल एवं अंश पुत्र सुरेंद्र गंगवार घरों से बिना बताए जंगल में निकल गए। चारों एक किमी दूर मछली पालन के तालाब पर पहुंच गए। मौत के मुंह से बच कर निकले भीमसेन ने बताया पहले आयुष और अंश को बचाने को त्रिवेंद्र तालाब में घुसा। उसके गोते लगने पर मैं उसके बचाने को घुसा। एक डुबकी लगने पर मेरे हाथ में तालाब किनारे की लकड़ी आ गई। उसे पकड़ कर मैंन तालाब से निकला। त्रिवेंद्र, आयुष और अंश तालाब में बैठ गए।

भीमसेन ने बताया तीनों के डूबने पर वह तालाब किनारे बैठ कर रोने लगा। पूर्वी गौंटिया जाने वाले रास्ते से निकल रहे राहगीरों से उसने गुहार लगाई। लेकिन कोई नहीं रूका। काफी देर बाद कुतुकपुर की ओर से आया बाइक सवार उसको रोता देखकर रूका। उसने रोने का कारण पूछा। भीमसेन के बताने पर बाइक सवार ने तालाब के पास सो रहे मछली पालन करने वाले राजू कश्यप को जगाकर घटना बताई। राजू ने तालाब में डूबें किशोरों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया रहगीर रोते भीमसेन की बात को संजीदगी से सुनते तो बच्चों की जान बच सकती थी।

आयुष के पिता जियालाल ने बताया हम लोग घर में थे। गांव के उदयवीर की पत्नी और दो बच्चे रोते हुए गली में आए। वे बच्चों के तालाब में डूबने की बात कह रहे थे। हम लोग दौड़ते हुए तालाब पर पहुंचे। घर ने निकलते समय हमें नहीं पता था कि हमारा की बेटा हमे हमेशा को छोड़ कर चला गया। तालाब किनारे लेटे बच्चों को देखा तो उनमें एक बड़ा बेटा आयुष था। बच्चे किस समय घर से निकले यह हमें नहीं पता। हम 3.30 बजे तालाब पर पहुंच गए। बच्चे दो बजे डूबने की चर्चा ग्रामीण कर रहे हैं।आयुष के पिता जियालाल ने बताया हम लोग घर में थे। गांव के उदयवीर की पत्नी और दो बच्चे रोते हुए गली में आए। वे बच्चों के तालाब में डूबने की बात कह रहे थे। हम लोग दौड़ते हुए तालाब पर पहुंचे। घर ने निकलते समय हमें नहीं पता था कि हमारा की बेटा हमे हमेशा को छोड़ कर चला गया। तालाब किनारे लेटे बच्चों को देखा तो उनमें एक बड़ा बेटा आयुष था। बच्चे किस समय घर से निकले यह हमें नहीं पता। हम 3.30 बजे तालाब पर पहुंच गए। बच्चे दो बजे डूबने की चर्चा ग्रामीण कर रहे हैं।तालाब में डूबने वाले तीनों किशोर तिलमास की नई बस्ती के रहने वाले हैं। तीनों के घर 50 मीटर के दायरे में हैं। जियालाल के घर के ठीक सामने सुरेंद्र गंगवार का घर है। जियालाल गांव में मजदूरी करते हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री है। आयुष गांव के स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता है। उन्होने बताया आयुष से उसकी मां संतोष ने दोपहर बाद बाजार चलने को कहा था। लेकिन वह घर से निकल गया। पूर्व प्रधान इसरार ने बताया सुरेंद्र गंगवार दिल्ली में मजदूरी करते हैं। परिजनों के जानकारी देने पर वे घर रवाना हो गए हैं। रात में किसी समय घर पहुंचेंगे।सुरेंद्र के चार बच्चे हैं। दो पुत्र दो पुत्रियां। अंश छोटा पुत्र है। उसकी दादी जमुना देवी और मां पुष्पादेवी अंश का शव देखकर बेसुध हो गईं।

## आरक्षण की प्रतीक्षा में गरमाई पंचायत चुनाव की राजनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** गर्मी के मौसम ने भले भी जन जीवन की रफ्तार को धीमी कर रखा हो, मगर गांव की राजनीति इस समय पुरी तरह जोश में है। आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आहट के साथ ही हर गली और मोहल्ले और प्रत्येक ग्राम पंचायत के चौक चौराहों पर चर्चाओं की सरगर्मियां तेज पड़ गई हैं। आगे समय के दौरान आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर दावेदार प्रत्याशी अपनी उम्मीदों और आकांक्षाओं के बीच अपनी राह तलाशते नजर आ रहे हैं। इन चुनावी तैयारियों के बीच सबसे बड़ा सवाल आरक्षण सूची को लेकर है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार यह सूची शीघ्र ही आने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी एक सूची पर कई लोगों की बरसों की उम्मीदें टिकी हुई हैं, किस गांव की सीट आरक्षित होगी, और किस को मौका मिलेगा, इस उम्मीद ने

- गांव की मुख्य चर्चा बना पंचायत चुनाव

खास तौर पर ग्राम प्रधान पद के दावेदारों को असमंजस में डाल दिया है। कोई प्रत्याशी चौपाल पर बुजुर्गों का आशीर्वाद मांग रहा है तो कोई युवाओं के बीच भविष्य के सपने साझा कर रहा है।

हर चेहरे पर एक ही सवाल झलकता है क्या इस बार मौका मिलेगा। प्रत्येक दावेदार प्रत्याशी वोटरों को अपनी ओर रिझाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। आगे आने वाले चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो समय ही बताएगा।

मगर फिलहाल सभी संभावित प्रत्याशी अपना राजनीतिक दांव पेंच दिखाने में पूरी ताकत लगाए हुए हैं, और अपनी-अपनी ओर कुर्सी हासिल करने की पुरजोर कोशिश में लगे हुए हैं।

## एक नजर

### मां के साथ हाथापाई कर पुत्री को ले गया प्रेमी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक दबंग प्रेमी अपनी प्रेमिका की मां के साथ हाथापाई कर उसे दोबारा बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना की चार दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के एक गांव में मकान की दीवार कूदकर एक दबंग युवक घर में उस समय घुस आया, जब गृह स्वामी घर पर नहीं था वह एक रिश्तेदारी में गया था। घर पर उसकी पुत्री और उसकी मां सो रहे थे, कि ग्राम सिजौलिया का दीपक मकान की दीवार कूदकर घर में घुस आया और मां के साथ हाथापाई कर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना की चार दिन बाद नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है एक बार पहले भी आरोपी दीपक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था, जिसकी रिपोर्ट थाना नवाबगंज में दर्ज कराई गई है।

### कॉलेज में घुसा फौजी, बहनोई एचओडी से मारपीट कर मचाया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के बरेली-पीलीभीत हाईवे पर राजघाट के निकट आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक फौजी कार्यालय में आकर अपने सगे बहनोई फार्मेसी के हेड ऑफ डिपार्टमेंट के साथ अभद्रता करने के साथ ही उनसे मारपीट करने लगा। कॉलेज के फॉर्मेसी डिपार्टमेंट के एचओडी विकास कुमार ने इस मामले में अपने साले फौजी पंकज के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कॉलेज के कर्मी विकास कुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अपने सगे साले थाना भुता के ग्राम उमेदपुर के रहने वाले पंकज फौजी पर शनिवार को करीब सवा 12 बजे काले रंग की स्कार्पियो से आकर उनके कार्यालय में उनसे अभद्रता करने के साथ ही गाड़ी से डंडा निकाल. कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं फौजी साले ने अपने बहनोई का जान से मारने के साथ ही दहेज, घरेलू हिंसा के मामले में झूठे केस में फंसाए जाने का भी आरोप लगाया है। कॉलेज के फॉर्मेसी डिपार्टमेंट के एचओडी विकास कुमार ने अपने फौजी साले पंकज से जान मॉल का खतरा बताते हुए कोतवाली में उसके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ई-रिक्शा चोरी, नहर किनारे मिला, बैटरियां ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा शाही के मोहल्ला सुभाष नगर में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा को निशाना बना लिया। चोर वाहन चोरी कर ले गए और बाद में उसे रमपुरा के पास नहर किनारे छोड़कर उसमें लगी बैटरियां निकाल ले गए।पीड़ित टेक चंद ने बताया कि उनका ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। सुबह उठने पर वाहन गायब मिला। सीसीटीवी कैमरों की जांच में दो संदिग्ध युवक ई-रिक्शा ले जाते हुए दिखाई दिए हैं।परिजनों ने आसपास तलाश की तो ई-रिक्शा नहर किनारे खड़ा मिला, लेकिन उसमें लगी पांच बैटरियां चोरी हो चुकी थीं। बैटरियों की कीमत करीब सवा लाख रुपये बताई जा रही है।

पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## क्षतिग्रस्त हुई पीएनजी की लाइन

- छह घंटे नहीं जले तीन हजार घरों में चूल्हे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिना अनुमति के मनमानी खुदाई शहर के लिए कितनी भारी पड़ सकती है, इसका नमूना शनिवार सुबह सीबीगंज में देखने को मिला। औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी कंपनी ने बिना किसी एनओसी और पूर्व सूचना के तेल पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया।

इस दौरान अंधाधुंध चल रही एचडीडी मशीन ने सीयूजीएल की हाई-प्रेशर पीएनजी (पाइप नेचुरल गैस) की मुख्य पाइपलाइन को काट दिया। जिससे सुबह साढ़े आठ बजे जब घरों में लोग दफ्तर जाने की तैयारी में थे और रसोइयों में नाश्ता बन रहा था, तभी अचानक गैस गायब हो गई। इससे सीबीगंज, आनंद विहार, स्वाले नगर, ग्रीन सिटी, कर्मचारी नगर, सिद्धार्थ नगर, रजा कालोनी, कृष्णा काउंटी, वसंत विहार, परतापुर जीवन सहाये जैसे इलाकों के तीन हजार से अधिक उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा। सीयूलीएल प्रबंधन ने कहा कि सुबह फाल्ट की जानकारी मिलते ही इंजीनियरों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। दोपहर ढाई बजे यानी करीब छह घंटे बाद गैस की आपूर्ति बहाल हो सकी, तब कहीं जाकर प्रभावित घरों की रसोइयों में दोबारा चूल्हे जल पाए। सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड अब संबंधित कंपनी के खिलाफ बिना अनुमति कार्य करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

## निकाह के 11 दिन बाद प्रेमी संग फरार हुई नवविवाहिता

- लाखों के जेवर व नकदी ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में निकाह के कुछ ही दिनों बाद एक नवविवाहिता के प्रेमी संग फरार होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने महिला पर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी साथ ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव फिरोजपुर निवासी रिफाकत हुसैन ने अपनी पुत्री महरीन का निकाह 9 अप्रैल को मुरादाबाद निवासी एक युवक के साथ किया था। निकाह के बाद 20 अप्रैल को महरीन अपने मायके फिरोजपुर आई हुई थी। आरोप है कि उसी रात महरीन अपने प्रेमी अजरुद्दीन निवासी कस्बा अगवानपुर, जनपद मुरादाबाद के साथ घर से फरार हो गई। महरीन के भाई आफताब ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बहन अपने साथ करीब 12 तोला सोना, चांदी के जेवरात तथा लगभग दो लाख रुपये नकद भी ले गई है। घटना की जानकारी होने पर परि. जनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

आफताब की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अजरुद्दीन, आंशु, सैफल, निजामुद्दीन निवासी अगवानपुर जनपद मुरादाबाद तथा सद्दाम निवासी गल्ला मंडी, संभल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरो. पितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।

## पुलिस ने दो अफीम तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बरेली पुलिस के साथ मिलकर झारखंड से अफीम तस्करी का भंडाफोड़ किया गया है। थाना इलाके से दो तस्करों को दबोचा गया, ड्रग्स की खेप दिल्ली में सप्लाई करने ले जा रहे थे। उनके पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई।

पुलिस व एएनटीएफ ने तस्करों के बारे में सटीक सूचना पर छापेमार की। किला इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि गत रात उनकी टीम दौली रघुवरपुर दयाल स्थित गश्त कर रही थी। इसी बीच वहां पर स्थित गंगा मंदिर के पास दो लोग संदिग्ध दिखे जो पुलिस को देखकर छुपने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। जब उनकी तलाशी ली गई तो पुलिस को उनके पास से चार किलो अफीम और 275 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरो. पियों में महेंद्र कुमार झारखंड के चतरा जिले स्थित कांस गांव का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी लोकपाल सिंह बदायूं के बजीरगंज का रहने वाला है। उन्होंने पूछताछ में बताया कि वह लंबे समय से यह काम कर रहे है। पहले वह डिलीवारी का काम करते थे। बाद में वह अपना काम करने लगे। वह लोग झारखंड से यह नशीला पदार्थ लेकर आते है और फिर इसे दिल्ली ले जाते है। वहां पर हेरोइन और अफीम की अच्छी कीमत मिलती है।

## बहेड़ी में पोषण ट्रैकर ऐप पर फीडिंग में अव्वल रहा बाल विकास विभाग

- अप्रैल माह में 86.35 प्रतिशत फीडिंग के साथ जिले में प्रथम स्थान, आंगनबाड़ी केंद्रों की मेहनत रंग लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचा. लित योजनाओं में बहेड़ी परियोजना ने अप्रैल माह में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में पहला स्थान हासिल किया है। पोषण ट्रैकर ऐप पर खाद्यान्न वितरण (टीएचआर) की फीडिंग में बहेड़ी ने 86.35 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर अन्य परियोजनाओं को पीछे छोड़ दिया।



विभाग के तहत 6 साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को प्रत्येक माह दाल, दलिया और तेल का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जाता है। वितरण के दौरान लाभार्थियों की फेस मैचिंग और आधार कार्ड के जरिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके बाद ही उन्हें राशन उपलब्ध कराया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया पोषण ट्रैकर मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित की जाती है। अप्रैल माह में बहेड़ी परियोजना की इस उपलब्धि के पीछे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत और नियमित मॉनिटरिंग को मुख्य कारण माना जा रहा है। दूसरे स्थान पर मीरगंज परियोजना ने 84.11 प्रतिशत फीडिंग के साथ स्थान प्राप्त किया, जबकि भोजीपुरा परियोजना तीसरे स्थान पर रही।

बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे फीडिंग कार्य में तेजी और सटीकता आई। उन्होंने कहा कि लगातार मॉनिटरिंग और टीमवर्क के चलते यह सफलता हासिल हो सकी है।

इस उपलब्धि में मुख्य सेविकाएं राजकुमारी, सुनीता, स्वाति गंगवार, केशलता और कोशिकी शर्मा के साथ-साथ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के संयुक्त प्रयासों से प्रतिदिन टीएचआर फीडिंग की निगरानी की गई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया।

## भाजपा सिखों को गलत इतिहास पढ़ाकर समाज में जहर घोल रही: कुलदीप सिंह भुल्लन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

> सपा राष्ट्रीय सचिव बोले- 2027 में जनता देगी जवाब, सि किसानों का मुद्दा भी उठाया

**बरेली।** रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिखों को आधा-अधूरा इतिहास पढ़ाकर समाज में नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सिख समाज अब भाजपा की 'फूट डालो, राज करो' नीति को समझ चुका है और इसका जवाब 2027 के चुनाव में देगा।

भुल्लन ने कहा कि इतिहास में गनी और नबी खान ने गुरु गोविंद सिंह की जान बचाई थी, लेकिन भाजपा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के लिए पीर बुद्ध शाह ने अपने बेटे और भतीजों की कुर्बानी दी थी, जिसे नजरअंदाज कर समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने तराई क्षेत्र लखीमपुर खीरी और पीलीभीत में सिख किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बंटवारे के बाद सिख परिवारों को बसाया गया था, जिन्होंने बंजर जमीन को मेहनत से उपजाऊ बनाया। अब उन्हीं किसानों से जमीन का मालिकाना हक छीना जा रहा है। सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कैबिनेट में किसानों को हक दिलाने के दावे किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर 50 एकड़ जमीन छीनी जा चुकी है और हजारों एकड़ जमीन पर संकट मंडरा रहा है।

सपा नेता ने महंगाई, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और खाद की किल्लत को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा पंचायत चुनाव हार के डर से टाल रही है।

छह जून को लखनऊ में प्रस्तावित सिख सम्मेलन का जिक्र करते हुए भुल्लन ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में करीब 50 सीटों पर सिख समाज निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ मिलकर सपा सरकार बनाने का लक्ष्य है।प्रेसवार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह, डॉ. अनीस बेग, अशोक यादव, प्रमोद बिष्ट और ब्रजेश श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दबंग युवकों की हरकतों से दहशत में परिवार, गांव छोड़ने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के गांव सब्जीपुर खाता में दबंग युवकों की कथित दबंगई से तंग आकर एक परिवार गांव छोड़ने को मजबूर हो गया है। छात्रा के साथ अभद्रता और विरोध करने पर मारपीट की घटना के बाद परिजन भयभीत हैं। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अंगन लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही नीतिन और सतीश दबंग प्रवृत्ति के युवक हैं, जो उनकी पौत्री को आए दिन परेशान करते हैं। उनकी पौत्री कक्षा 11 की छात्रा है और पास के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने जाती है। आरोप है कि स्कूल आते-जाते समय आरोपी युवक छात्रा के साथ गाली-गलौच करते हैं और अशोभनीय हरकतें करते हैं।परिजनों के अनुसार, छात्रा जब भी घर से बाहर किसी कार्य से निकलती है, तब भी आरोपी युवक उसका पीछा कर अभद्रता करते हैं, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी है।पीड़िता की मां सावित्री देवी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे उनकी बेटी घर के बाहर लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। उसी दौरान नीतिन, सतीश और संजू वहां पहुंच गए और छात्रा के साथ गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरो. पियों ने छात्रा के साथ मारपीट कर दी।शोर सुनकर जब सावित्री देवी और अंगन लाल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोप है कि दबंग युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस घटना में छात्रा सहित तीनों लोग घायल हो गए।अंगन लाल का कहना है कि आरोपियों के लगातार उत्पीड़न से उनकी पौत्री गहरे डर और दहशत में है। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें गांव छोड़कर अन्यत्र जाना पड़ेगा।पुलिस ने सावित्री देवी की तहरीर पर नीतिन, सतीश और संजू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किसान रजिस्ट्री में फर्जी वर्क ऑर्डर का खुलासा, संस्था पर एफआईआर के निर्देश

- कूटरचित दस्तावेजों से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नियुक्ति का मामला, जांच में सामने आई सच्चाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** किसान रजिस्ट्री के ऑनलाइन व ई-केवाईसी कार्य से जुड़े एक गंभीर प्रकरण में फर्जी वर्क ऑर्डर और कूटरचित दस्तावेजों का मामला सामने आया है। उप कृषि निदेशक ने इस पूरे प्रकरण को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए संबंधित संस्था के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

उप कृषि निदेशक के अनुसार कृषि निदेशालय द्वारा इस प्रकार का कोई वर्क ऑर्डर किसी भी संस्था को जारी नहीं किया गया है। इसके बावजूद ऋषभ पाल एवं अजय वर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आलमपुर जाफराबाद द्वारा 23 मार्च 2026 को जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें राधे कृष्णा इंटरप्राइजेज सहज सुलभ बलराम समिति, गोमती नगर लखनऊ के माध्यम से किसान रजिस्ट्री कार्य में नियुक्ति का दावा किया गया था।

जांच के दौरान यह पत्र और वर्क ऑर्डर पूरी तरह फर्जी एवं कूटरचित पाए गए। प्रकरण में यह भी सामने आया कि संस्था द्वारा कई व्यक्तियोंख्रऋषभ पाल, अजय वर्मा, महेशपाल और संतोष कश्यपख्रको ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया था और उनकी योगदान आख्या भी जिलाधिकारी को भेजी गई थी।

कृषि निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि संबंधित शासनादेश अप्रमाणित और असत्य है तथा कथित वर्क ऑर्डर पर निदेशक के हस्ताक्षर भी फर्जी हैं।

उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर उप कृषि निदेशक ने संपूर्ण मामले की जानकारी जिलाधिकारी को देते हुए थाना भोजीपुरा में संबंधित संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बरेली में कृषि योजनाओं की समीक्षा, टास्क फोर्स अधिकारी ने किया निरीक्षण

- किसानों से संवाद कर योजनाओं के लाभ की ली जानकारी, सह फसली खेती को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रविवार को कृषि निद. ेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नामित टास्क फोर्स अधिकारी एवं संयुक्त कृषि निदेशक (बाढ़ो0यो0) अनिल कुमार यादव ने संयुक्त कृषि निदेशक, बरेली मंडल कार्यालय में मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदीय एवं मंडल स्तरीय कृषि अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई।

योजनाओं की प्रगति की जानक. ारी लेने के बाद टास्क फोर्स अधिकारी ने जनपद में भ्रमण कर योजनाओं का स्थलीय सत्यापन भी किया। इस दौरान विकासखंड भोजीपुरा के ग्राम हमीरपुर में परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित क्लस्टर का निरीक्षण किया गया। यहां लाभार्थियों एवं क्लस्टर के एलआरपी आमप्रकाश से योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में जानक. ारी ली गई। इसके अलावा विकासखंड बिथरी चैनपुर के ग्राम नवदिया हरकिशन में कृषक नंदन सिंह के खेत पर गन्ना व मूंग तथा कृषक पुष्पेंद्र पटेल के खेत पर गन्ना व उड़द की सहफसली खेती का निरीक्षण किया गया। टास्क फोर्स अधिकारी ने किसानों के बीच विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की सराहना करते हुए सहफसली खेती को लाभकारी बताया। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक बरेली हिमांशु पाण्डेय सहित अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## बरेली में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे, वीडियो वायरल, 14 पर मुकदमा

- सदर बाजार में क्रिकेट खेलते युवकों की हरकत से मचा हड़कंप, पुलिस दबिश में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और 14 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार में क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों ने अचानक पाकिस्तान समर्थित नारे लगाने शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि युवक अपने साथी कासिफ का नाम लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई भी हो गई।

घटना का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें कुछ युवक बाइक पर सवार होकर नारे लगाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

स्थानीय निवासी विकास की तहरीर पर कैंट थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। इंस्पेक्टर संजय धीर ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपों की पुष्टि हो गई।

पुलिस ने इस मामले में 14 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर संजय धीर के मुताबिक, सभी आरो. पियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शटडाउन के दौरान लाइन चालू करने से संविदा लाइनमैन की मौत, जेई समेत कर्मचारी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने रविवार को एक संविदा लाइनमैन की जान ले ली। 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर मरम्मत के दौरान शटडाउन हटाकर लाइन चालू कर देने से करंट लगने से लाइनमैन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रामपुर घोघर निवासी सर्वेश कुमार उर्फ छोटू पुत्र शिव कुमार बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन था। रविवार को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर उसे रामपुर घोघर लाइन की खराबी सुधारने भेजा गया था। सर्वेश ने नियमानुसार सुरजन नगर बिजली घर से शटडाउन लेकर काम शुरू किया था। चश्मदीदों और परिजनों का आरोप है कि जब सर्वेश खंभे पर मरम्मत कर रहा था, तभी बिजली घर के कर्मचारियों ने बिना सूचना शटडाउन हटाकर लाइन चालू कर दी। 11 हजार वोल्ट का करंट लगने से सर्वेश तारों के बीच ही बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने उसे उतारकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। आरोप है कि जेई प्रेम प्रकाश पटेल और अन्य लाइन कर्मचारी मौके पर पहुंचने के बजाय मोबाइल बंद कर फरार हो गए। प्राथमिक जांच में शटडाउन हटाने का आदेश जेई द्वारा देने की बात सामने आ रही है। सूचना पर सुरजन नगर चौकी प्रभारी ओमकार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजन दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने संविदा कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल उठाए। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व विभागीय जांच के आधार पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।






# स्मार्ट मीटर के खिलाफ आप का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिले के विद्युत उपकेंद्रों पर एकत्र होकर स्मार्ट मीटर के खिलाफ नाराजगी जताई और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर की प्रतिकात्मक तस्वीरें जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर आम उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि पहले जहां बिजली बिल करीब 1500 रुपये आता था, वहीं अब यह बढ़कर 6000-7000 रुपये तक पहुंच रहा है। साथ ही प्रीपेड मीटर व्यवस्था में अग्रिम भुगतान के बावजूद 10-12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।आप नेताओं ने कहा कि प्रदेश में लगाए गए लाखों स्मार्ट मीटरों में अधिकांश प्रीपेड हैं, जिनकी कार्यप्रणाली और बिलिंग प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 4ळ सिम आधारित मीटरों की योजना भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। नेटवर्क की कमी के चलते मीटर सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे, जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।पार्टी ने आरोप लगाया कि इस योजना को लागू करने से पहले न तो पर्याप्त जनजागरूकता अभियान चलाया गया और न ही इसकी तकनीकी व वित्तीय समीक्षा सार्वजनिक की गई। इसे उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन बताया गया।ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही आम जनता और किसानों को राहत देने के लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई।प्रदर्शन में सैकड़ो की तादात में महिला व पुरुष एवं प्रांतीय अध्यक्ष इंजी हैदर अली, जिला महासचिव शिव कुमार राय, जिला मीडिया प्रभारी दानिश मलिक,महानगर अध्यक्ष एडवोकेट त्रिलोकचंद दिवाकर, महानगर महासचिव एडवोकेट मो.जीशान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष मास्टर बदलू, जिला उपाध्यक्ष सुशील सागर,विधानसभा अध्यक्ष 25 कांठ शफीक मुत्वल्ली, मोहम्मद सलमान, अनस मलिक, श्रम प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सैयद रेहान अली,आशिक अली सैफी जाकिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व यज्ञ दिवस पर महानगर में अनेक घरों में हुए यज्ञ



**मुरादाबाद।** आज विश्व यज्ञ महानगर की सभी आर्य समाजों में तथा व्यक्तिगत रूप से भी आर्य परिवारों में यज्ञ करके पर्यावरण रक्षार्थ परमपिता परमात्मा से कामना की। आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर वृहद यज्ञ किया गया। पं वीरेंद्र आर्य ने रामाशंकर आर्य -प्रभा आर्य, की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात शिवम् आर्य और ज्ञानप्रकाश कार्य ने ईश्वर भक्ति भजन प्रस्तुत किये। डा राम मुनि, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, अमरनाथ आर्य और कपिल मुनि ने वैदिक रीति से यज्ञ की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर डा अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु मयंक आर्य निर्मल आर्य राकेश कुमार आर्य निहाल सिंह संतोष कुमार गुप्ता अर्जुन सिंह, लोकेश आर्य अजब सिंह आर्य रविंद्र आर्य आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन, अवर अभियंता टीएन भास्कर को सौंपा ज्ञापन



**मुरादाबाद।** विद्युत समस्याओं को लेकर सैकड़ों महिला-पुरुषों ने पाकबड़ा विद्युत केंद्र पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अवर अभियंता टी.एन. भास्कर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की बिजली समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।प्रदर्शन में प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. हैदर अली, जिला महासचिव शिव कुमार राय, जिला मीडिया प्रभारी दानिश मलिक, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट त्रिलोकचंद दिवाकर, महानगर महासचिव एडवोकेट मो. जीशान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष मास्टर बदलू, जिला उपाध्यक्ष सुशील सागर, विधानसभा अध्यक्ष 25 कांठ शफीक मुत्वल्ली, मोहम्मद सलमान, अनस मलिक, श्रम प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सैयद रेहान अली, आशिक अली सैफी, जाकिर हुसैन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों को भी मिलेगा बढ़े मानदेय का लाभ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ाने वाले अंशकालिक शिक्षकों को भी अब 9961 के बजाय हर माह 17,000 रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा। जानकारी के अनुसार दिल्ली में हुई समग्र शिक्षा 3.0 की उच्चस्तरीय बैठक में अंशकालिक शिक्षकों के वेतन में वृद्धि का निर्णय किया गया है।वर्तमान में कस्तूरबा के अंशकालिक शिक्षकों को ईपीएफ काटकर प्रतिमाह 9961 रुपये मानदेय मिलते हैं। इससे प्रदेश के करीब 2,000, देशभर के करीब 5500 अंशकालिक शिक्षक लाभांवित होंगे। इनके वेतन का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र और 40 फीसदी राज्य देते हैं। समग्र शिक्षा अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजी. बीवी) में पढ़ा रहे अंशकालिक शिक्षकों को परिषदीय विद्यालयों के अनुदेशक के समकक्ष माना जाता है और वेतन भी उन्हीं के बराबर दिया जाता था। अप्रैल 2026 से राज्य सरकार ने अनुदेशकों का वेतन 17000 कर दिया, लेकिन कस्तूरबा के अंशकालिक शिक्षकों को लाभ नहीं मिला। पिछले दिनों कस्तूरबा बालिका विद्यालय शिक्षक-शिक्षणेतर यूनियन ऑल इंडिया समेत अन्य संगठनों ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को प्रत्यावेदन भेजे थे, जिसमें कार्यरत अंशकालिक शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मियों के अत्यंत अल्प मानदेय पर काम करने का मुद्दा उठाया गया था।

### कुंदरकी के पंजाब नेशनल बैंक में शॉर्ट सर्किट से आग, कुछ देर बंद रहा कामकाज

**कुंदरकी।** नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में शनिवार दोपहर अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की घटना सामने आई, जिससे बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार इन्वर्टर से निकली चिंगारी के कारण आग लगी, जो वायरिंग तक पहुंच गई। आग लगते ही बैंक में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को संभालने के लिए कर्मचारियों ने एहतियातन मुख्य गेट बंद कर दिया, ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। तकनीकी खराबी के चलते बैंक का कामकाज कुछ समय के लिए बाधित रहा जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बाद में इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर बिजली व्यवस्था को ठीक कराया गया, जिसके बाद कामकाज फिर से सामान्य हो गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



# एबाकस विश्व चैंपियनशिप में चन्दौसी के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

**चन्दौसी।** गाजियाबाद स्थित एबीईएस आईटी कॉलेज में 26 अप्रैल को एबाकस विश्व चौंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 देशों के लगभग 800 छात्रों ने भाग लिया। कॉग्निटो एबाकस सेंटर चन्दौसी के 15 छात्रों ने इसमें भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में व्योम वार्ष्णेय ने मात्र 08 मिनट में 200 प्रश्न हल कर विश्व चौंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं अनय त्यागी, अनिका शर्मा, दित्य गुप्ता और कृधा उपविजेता रहे। इसके अतिरिक्त कार्तिकेय, वेदांत, वेदिका, सांची, काश्वी, दिवित, अनिका और सूर्यांश सिंह ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। केंद्र के 06 छात्रों ने एबाकस स्नातक उपाधि भी प्राप्त की। बता दें कि एबाकस एक वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया मेंटल मैथ्स प्रोग्राम है, जो बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर केंद्रित होता है। यह उन्हें कम उम्र से ही मजबूत विश्लेषणात्मक और समस्या-समाधान क्षमता विकसित करने में मदद करता है। इस तकनीक के माध्यम से बच्चे कल्पना और दृश्यांकन के जरिए गणना करना सीखते हैं, जिससे उनकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और समग्र मानसिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। नियमित प्रशिक्षण के बाद बच्चे 'मानव कैलकुलेटर' की तरह बिना पेन, कागज या कैलकुलेटर के तेज और सटीक गणना करने में सक्षम हो जाते हैं। बता दें कि शहर के रामनौमी मोहल्ला स्थित इस केंद्र का संचालन वंदना अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर रही हैं।

# सीएम से मिलीं पूर्व सांसद की पत्नी, क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पूर्व सांसद स्वर्गीय कुँवर सर्वेश कुमार उर्फ राकेश सिंह की पत्नी साधना सिंह ने रविवार को लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलंदंजी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, अधूरे प्रोजेक्ट्स और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान साधना सिंह ने अपने दिवंगत पति द्वारा क्षेत्र में शुरू कराए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण योजनाएं अभी अधूरी हैं, जिन्हें पूरा कराया जाना क्षेत्र की जनता के हित में बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में जर्जर सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने और पेयजल व बिजली व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए। साधना सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि विकास योजनाओं को गति देकर लोगों को राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार जनहित से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांव से लेकर शहर तक संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, ताकि हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने साधना सिंह को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कराकर आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।



# बिलारी के रहमतनगर में मातम: गुरुग्राम में पति ने पत्नी और चार मासूम बच्चों की ली जान, इलाके में सनसनी

**बिलारी/गुरुग्राम।** बिलारी कस्बे के मोहल्ला रहमतनगर निवासी एक युवक द्वारा हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी पत्नी और चार मासूम बच्चों की हत्या किए जाने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। इस दर्दनाक वारदात से बिलारी समेत पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलारी निवासी नाजिम पुत्र नवाबजान अपनी पत्नी नजमा और चार बच्चों के साथ गुरुग्राम के वजीरपुर इलाके में रहकर सैलून का काम करता था। बताया जा रहा है कि बीती रात 1/2 मई 2026 को नाजिम ने पहले पत्नी और बच्चों को कथित रूप से नशीला पदार्थ दिया, जिसके बाद उनकी हत्या कर दी।

घटना के बाद आरोपी ने स्वयं भी चाकू से अपना गला और हाथ की नसें काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पांच शव बरामद हुए, जबकि घायल नाजिम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में पत्नी और बच्चों को जहर देकर मारने की बात कही है। प्रारंभिक जांच में आर्थिक तंगी और कर्ज को लेकर घर में अक्सर विवाद होना सामने आया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। शनिवार देर शाम पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद पत्नी और चारों बच्चों समेत पांचों शव बिलारी थाना क्षेत्र पहुंचने की सूचना है, जहां गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना से रहमतनगर मोहल्ले सहित पूरे बिलारी क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

# आईएफटीएम में 'कॅरियर काउंसलिंग' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंसलिंग' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करती हैं तथा उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कॅरियर मार्गदर्शन विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्टता प्रदान करता है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन व आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) के हेड डॉ. निखिल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही कॅरियर योजना, कौशल विकास तथा आत्मविश्वास सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, व्यक्तित्व विकास तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को अपने कॅरियर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हुए निरंतर अपने कौशल का विकास करना चाहिए। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया कि उचित मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी अपने कॅरियर में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम की निदेशिका व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को कॅरियर बनाने में सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कौशल-आधारित एवं मार्गदर्शनपरक कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका एवं कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. आरती गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की सदस्या सुश्री नम्रता श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्य श्री अक्षय शर्मा, सुश्री ज्योति, डॉ. अर्चना, डॉ. चारू दत्ता एवं श्री आकाश कुमार मौर्या उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में 120 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



# आईएफटीएम में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित हुई नारा लेखन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की ओर से 'मिशन शक्ति- 5' के अंतर्गत 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ नारी के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है, ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा एवं आर्थिक तरक्की में बराबरी के मौके मिल सके और वे सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सकें। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए, जर्नलिज्म, द्वितीय सेमेस्टर के शिवम कुमार प्रथम, बीए, द्वितीय सेमेस्टर की रिमी गंगवार द्वितीय तथा बीए, चतुर्थ सेमेस्टर की सानिया तृतीय स्थान पर रहीं, जिन्हें डॉ. 'आर्य' ने प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजकुमारी सिंह एवं डॉ. मोहित मिश्रा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षित और सशक्त महिला पूरे समाज को बदल सकती है, इसलिए बालिकाओं को अपना कॅरियर बनाने में हम सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। वहीं प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. सारिका दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न विभागों के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ-चढ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान कई शिक्षकों की भी उपस्थिति रही।



# आरटीई में मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया में देरी से अभिभावक परेशान

**चन्दौसी।** आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया इस बार देरी का शिकार हो गई है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है। पहले दो चरण पूरे होने के बाद अब तीसरे चरण की सूची का इंतजार लंबा खिंच रहा है। सैकड़ों अभिभावक रोजाना पोर्टल चेक कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई अपडेट सामने नहीं आया है। अभिभावकों का कहना है कि सामान्यत: मार्च में ही सभी सूचियां जारी हो जाती थीं, लेकिन इस बार देरी से प्रवेश प्रक्रिया की रफ्तार धीमी पड़ गई है। वहीं, निजी स्कूलों में दाखिले शुरू हो जाने से अभिभावकों को डर सता रहा है कि कहीं उनके बच्चों का प्रवेश प्रभावित न हो जाए। जानकारी के अनुसार, आरटीई के तीसरे चरण के लिए कुल 793 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 788 आवेदन जांच के बाद सही पाए गए, जबकि पांच आवेदन निरस्त कर दिए गए। लॉटरी प्रक्रिया के बाद 559 बच्चों का चयन किया गया, जबकि 229 बच्चे चयन से बाहर रह गए। चयनित बच्चों को आगे स्कूल आवंटन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। नए शिक्षा सत्र में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में करीब चार हजार सीटों पर नि:शुल्क प्रवेश होना है। बेसिक शिक्षा विभाग ने आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी कराई है, जिसमें पहले और दूसरे चरण की लॉटरी के जरिए बच्चों को स्कूल आवंटित किए जा चुके हैं और कई स्थानों पर प्रवेश भी शुरू हो चुके हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तीसरे चरण की प्रक्रिया अंतिम दौर में है और जल्द ही लॉटरी के माध्यम से सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा में संबंधित स्कूलों में प्रवेश लेना होगा। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें।



# विजेता टीम को अबरार अहमद ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार द्वारा आयोजित 'जायन्ट्स स्टार क्रिकेट चैंपियनशिप' का मदन लाल इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में जायंट्स स्मेशेर्स ने थँडर जायंट्स को रोमांचक मैच में 3 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। नगर पालि. का अध्यक्ष अबरार अहमद ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।



रविवार को आयोजित फाइनल मैच में जायंट्स स्मेशेर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 91 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी थँडर जायन्ट्स की टीम ने धीमी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में मात्र 87 रन ही बना पाए। विजेता टीम की ओर से मैन ऑफ दि मैच शिविन अग्रवाल ने सर्वाधिक 25 रन बनाए और एक विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपविजेता टीम की ओर से सर्वाधिक नाबाद 30 रन नितिन वार्ष्णेय ने बनाये जिन्हे सर्वाधिक रन व सर्वाधिक सिक्सर का अवार्ड दिया गया, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने 16 रन बनाये। सचिव शशांक भिल्ला ने सर्वाधिक 3 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट का पुरस्कार अपने नाम किया। स्कोरर शिवांग अग्रवाल व अक्षत अग्रवाल रहे। कमेंटेटर प्रवीन अग्रवाल नादान व अंपायर उदित व शिवम् रहे। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, सभासद कृष्णा वार्ष्णेय, नमित सभासद संगीता रस्तोगी, जायन्ट्स ग्रुप महिला समृद्धि की अध्यक्ष कंचन सक्सेना द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी, प्रत्येक खिलाडी को मैडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार के यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता व रूपम गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, विपुल वार्ष्णेय, राजू साहनी, मुकेश यादव, जितेन्द्र वार्ष्णेय, डॉ. गुंजन वार्ष्णेय, अमित अग्रवाल, मनोज यादव, संदीप गुप्ता, मयंक अग्रवाल, निशांत गोयल, दीपक वार्ष्णेय, शिप्रम शर्मा, रिंकू अग्रवाल, विकास गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, अमित बाबू, मधूप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एक झपकी और डीसीएम दुकान में घुसी

**लाखों का नुकसान, गनीमत रही हादसे में नही हुई जनहानि**

**शाह टइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बदायूं जिले के कस्बा वजीरगंज में शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में करीब 3:30 बजे एक तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर राजेंद्र कुमार एंड ब्रदर्स उर्फ रज्जू लोहिया की दुकान में जा घुसी।

हादसे की सूचना सुबह पुलिस को दी गई, जिसके बाद थाना वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और डीसीएम को दुकान से बाहर निकलकर थाने ले गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और वीडियो के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दुकानदार के अनुसार हादसे में खड़ाद वेल्डिंग मशीन दबकर क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि आसपास की दुकानों में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

वहीं डीसीएम चालक ने बताया कि वह मेरठ से कानपुर जा रहा था, लेकिन वजीरगंज पहुंचते ही अचानक नींद आने के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी दुकान में जा घुसी फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## एक नजर

# सपा नगर अध्यक्ष गुरविंदर ने 21 सदस्यीय टीम की गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय के जी एन -2 पर मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की सहमति से नगर कमेटी का गठन किया गया।



नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल के नेतृत्व में 21 सदस्यीय नगर कमेटी की घोषणा ने साफ कर दिया कि समाजवादी पार्टी अब हर वार्ड, हर गली और हर वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नगर उपाध्यक्ष के रूप में शोभित शर्मा, कपिल भारती, अजय सिंह लोधी, अनवर अहमद, अशोक सैनी और जितेश वर्मा को जिम्मेदारी दी गई, जबकि अब्दुल हनीफ, जितेंद्र लोधी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद हयात और सत्येंद्र कुमार राजपूत को नगर सचिव बनाया गया। वहीं दीपांकर, सुंदरलाल बब्बू, गुरप्रीत सिंह, लक्ष्मी नारायण, विक्रम कश्यप और पंकज कुमार को नगर कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जगदेवसिंह जग्गा जी ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों ने हर वर्ग को परेशान कर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चेताया कि अब वक्त सिर्फ बैठने का नहीं, बल्कि मैदान में उतरकर इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में खुशहाली, रोजगार और सम्मान चाहिए तो समाजवादी विचारधारा को मजबूत करना होगा। इसके लिए हर कार्यकर्ता को एकजुट होकर, घर-घर पहुंचकर जनता की आवाज बनना होगा।

# बरगी डैम क्रूज हादसा: पूरनपुर में व्यापारियों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**'मां की ममता' की कहानी ने सबकी आंखें की नम**

**पूरनपुर।** जबलपुर के बरगी डैम में गुरुवार को हुए भीषण क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले मासूमों और पर्यटकों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए शनिवार को पूरनपुर के श्युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडलश ने नगर की गांधी पार्क में एक शोक सभा का आयोजन किया।

ऐतिहासिक गांधी पार्क में आयोजित इस सभा में कई व्यापारी एकत्र हुए। सभी ने हाथों में जलती हुई कैंडल लेकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान व्यापारियों ने जबलपुर प्रशासन से सुरक्षा मानकों में लापरवाही की जांच की भी मांग की।मां के अंतिम बलिदान की चर्चा से माहौल भावुक हुआ शोक सभा के दौरान मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता ने उस हृदयविदारक दृश्य का जिक्र किया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा, ष्लहरें शरीर तो बहा ले गईं, पर मां की ममता की पकड़ ढीली नहीं कर सकीं।ष दरअसल, रेस्क्यू टीम को एक मां और उसके 4 वर्षीय बच्चे का शव एक-दूसरे से लिपटा हुआ मिला था। मां ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अंतिम क्षणों में भी अपने बच्चे को अपनी लाइफ जैकेट के भीतर समेट रखा था।नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा ने इस घटना को ष्बलिदान की अमर कहानीष बताते हुए कहा कि एक मां का अपने बच्चे के प्रति यह समर्पण दुनिया के हर रिश्ते से ऊपर है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए ताकि भविष्य में किसी और की गोद सूनी न हो। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा, विकास गुप्ता, संजीव यादव, अंकित अग्रवाल, सहबुल हसन, प्रीत सिंह, मोहम्मद यामीन, गौरव गुप्ता, अजय गुप्ता और अर्चित पांडे सहित दर्जनों व्यापारी शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल को अचानक आए तूफान के कारण बरगी डैम में क्रूज पलट गया था। अब तक इस हादसे में 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बचाव कार्य अभी भी जारी है।

# तेज गति से वाहन चलाने एवं क्षमता से अधिक माल ढोने पर कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**बदायूं।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों मैं ओवर स्पीड वाहनों एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसमें निर्धारित गति से अधिक गति में वाहन चलाने पर 40 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के खिलाफ चालान की कारवाही की गई, साथ ही 04 ओवरलोड वाहन थाना फैजगंज एवं उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं में सीज के साथ 14 खनन के ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की गई, जिनके द्वारा लगभग रुपए 4.5 लाख प्रशमन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया, सड़क सुरक्षा की दृष्टिगत ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी,जन सामान्य से अपील की जाती है कि वाहन निश्चित गति में ही चलाएं अधिक गति मै वाहन ना चलाएं, वाहन की क्षमता के अनुसार ही लोड भरे, अधिक भार भरकर वाहन न चलाएं,यातायात के नियमों का पालन करें, सुरक्षित यातायात मै सहयोग करें।

# थाना बरखेड़ा पुलिस द्वारा छेड़छाड़ एवं मारपीट दो आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना बरखेड़ पुलिस द्वारा थाना बरखेड़ा पर पंजीकृत मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपी जहीर अहमद पुत्र रफीक अहमद व सरवर पुत्र नवी अहमद को पौटा से आगे अलियापुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। 2 मई को को वादी बबलू पुत्र रोशनलाल, निवासी जंगरौली आशा, थाना न्यूरिया, जनपद पीलीभीत द्वारा एक तहरीरी सूचना दी गई। उक्त तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभियुक्तों द्वारा बस में बैठी महिलाओं के साथ छेड़ख्छाड़ की गई तथा विरोध करने पर मारपीट की गई, जिसमें कुछ व्यक्तियों को चोटें आई। जिनको तत्काल थाना स्थानीय पुलिस द्वारा सीएचसी बरखेड़ा भेजकर उपचार कराया गया।

# गौ माता को सेवा, सुरक्षा और सम्मान का मौलिक अधिकार प्रदान करवाना है: विभु शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित मीटिंग में टीम द्वारा 27 जुलाई की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें बिसौली के गौ भक्त विभु शर्मा, प्रखर रस्तोगी, शोभित वार्ष्णेय, बिट्टू मौर्य, तपिश माहेश्वरी, लोकेश, प्रखर शर्मा, यश नेहरा, हर्षित वार्ष्णेय, शनि शर्मा आदि की अभियान में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। विभु शर्मा ने बताया गौ सम्मान आवाहन को पूज्य साधु संतों के माध्यम से 4 चरण में बांटा गया है। जिसका प्रथम चरण 27 अप्रैल को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए गए। दूसरे चरण में 27 जुलाई को डीएम को ज्ञापन दिए जाएंगे। तीसरे चरण में 27 अक्टूबर को दिल्ली ज्ञापन दिया जाएगा। अंतिम चरण में 5-5 साधु संत अपनी माँगो को लेकर आमरण अनशन पर बैठेंगे। गौ सेवक विभु शर्मा ने एक वार्ता में कहा कि गौ सम्मान आवाहन केंद्र सरकार और देश की सभी राज्य सरकारों से राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर गौ माता को सेवा, सुरक्षा और सम्मान का मौलिक अधिकार प्रदान करवाना है।



# विकास का पहिया अब त्रेतानाथ के द्वार पहुंचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में 'पीलीभीत-बस्ती मार्ग' से 'त्रेतानाथ मंदिर होते हुए कुर्रेया मार्ग' तक बनने वाली सड़क का विधि-विधान से शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान एवं भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्र 'अचल' ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। बताया गया कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग रही है, जिससे अब जल्द ही लोगों को राहत मिलने वाली है। भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्र 'अचल' के प्रयासों एवं पीलीभीत सांसद व भारत सरकार में राज्य मंत्री जितिन प्रसाद तथा विधायक बाबूराम पासवान के सहयोग से यह महत्वपूर्ण मार्ग स्वीकृत हुआ है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद सुप्रसिद्ध बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर तक श्रद्धालुओं की पहुंच आसान हो जाएगी। नेताओं ने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जन-जन की सुविधा और धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर हरिओम अवस्थी, हिमांशु मिश्रा, वेदपाल सिंह, राम लखन शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मनोज वर्मा, अचल मोहन पाण्डेय, अनुज दीक्षित, जिंदा भैय्या, रामपाल प्रधान महुआ गुंदे, गुरदीप सिंह, अजय अवस्थी सहित अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया श्री राम कथा का शुभारंभ

**माता यशवंती देवी मंदिर में भक्ति की बही सरिता, कलश यात्रा से लेकर कथा तक उमड़ा जनसैलाब**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शहर के माता यशवंती देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा सुखद सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिल, उत्तर प्रदेश सरकार) संजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा उसके धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों में बसती है। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा जैसे आयोजन समाज को जोड़ने, नैतिक मूल्यों को जागृत करने और युवा पीढ़ी को अपनी



जड़ों से परिचित कराने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य महंत सुरेश दास अवस्थी जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का भावपूर्ण वाचन किया जा रहा है। शिव शक्ति धाम साध्यापुर आश्रम, नैमिषारण्य (सीतापुर) से जुड़े महंत अवस्थी जी अपने प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म के गूढ़ संदेशों को सरल भाषा में प्रस्तुत कर रहे हैं। उनके प्रवचनों को सुनने के लिए दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्री राम कथा के शुभारंभ से पूर्व महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। पीले वस्त्रों में सुसज्जित महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंदिर प्रांगण से यात्रा प्रारंभ की। यह यात्रा टनकपुर रोड होते हुए नेहरू पार्क तक पहुंची और पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। आयोजन समिति के सदस्य धर्मपाल श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, डॉ. सुरेंद्र श्रीवास्तव और संजीव गोस्वामी, प्रेमपाल शर्मा ने बताया कि श्री राम कथा सुखद सत्संग 2 मई से प्रारंभ होकर 6 मई तक प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। हर ओर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। श्री राम कथा के माध्यम से जहां एक ओर लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो रहा है, वहीं दूसरी ओर यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को भी सुदृढ़ कर रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर योग और यज्ञ के संगम से प्रदीप ने जीती शुगर की जंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** 'अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस' के अवसर पर रविवार को स्थानीय ऑडिटोरियम में दैनिक योग कक्षा के तत्वावधान में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान योग और यज्ञ के वैज्ञानिक महत्व पर चर्चा की गई और साधकों ने अपने स्वास्थ्य लाभ के अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण पतंजलि योग पीठ निरामयम से उपचार कराकर लौटे प्रदीप राठौर और उनकी पत्नी स्नेह सिंह राठौर रहे। प्रदीप राठौर ने बताया कि उनकी शुगर कभी 200 से नीचे नहीं आती थी, लेकिन मात्र पांच दिन के योग और यज्ञ उपचार के बाद अब बिना किसी दवा के उनकी शुगर 100 से 125 के बीच रहती है। वहीं, बैंक कर्मी उनकी पत्नी स्नेह सिंह ने बताया कि वह लंबे समय से शरीर के विभिन्न दर्दों से परेशान थीं, लेकिन इस पद्धति को अपनाने के बाद अब वह स्वयं को पूर्णतः रोगमुक्त और ऊर्जावान महसूस कर रही हैं। जनपद के योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर ने इस अवसर पर श्हर घर यज्ञ, घर-घर यज्ञश का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यज्ञ केवल एक धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि एक उन्नत चिकित्सा पद्धति है। अलग-अलग रोगों के उपचार के लिए अलग-अलग औषधीय सामग्रियों (हवन सामग्री) का उपयोग किया जाता है। उन्होंने सभी से साप्ताहिक या दैनिक रूप से यज्ञ करने की अपील की।

वरिष्ठ साधक भीम सेन सागर ने कहा कि आदि काल से ही वेदों की इस परंपरा के माध्यम से वातावरण को शुद्ध रखा जाता था, जिससे लोग शतायु (सौ वर्ष की आयु) प्राप्त करते थे। यदि आज भी हम इस परंपरा को अपनाएं, तो समाज स्वस्थ और दीर्घजीवी बन सकता है। यज्ञ पुरोहित सुरेंद्र सिंह ने वेद मंत्रों के साथ विधि-विधान से आहुतियां संपन्न कराईं। इस अवसर पर डॉ. आर.पी. सिंह, संजीव चौहान, सतीश सिंह, नरेश पाल गुप्ता, आर्येंद्र गुप्ता, पंकज पाठक, दिनेश चंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश, प्रवेंद्र, जनवेद सिंह, रोहिताश सिंह, राजेंद्र पाल, अशोक कुमार, वीरेंद्र सैनी, भगवान स्वरूप गुप्ता, मुकेश सारस्वत, पुष्पेंद्र यादव, दीक्षा कश्यप, संध्या यादव, लबली, और सीमा सहित भारी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

# जिठनियां प्रीमियर लीग का आगाज
## राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया भव्य शुभारंभ

**ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला बड़ा मंच, खेल भावना और उत्साह से गूंजा मैदान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरिया।** जनपद की तहसील अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जिठनियां में आयोजित जिठनियां प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। बताते चले कि यह उद्घाटन राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिल, उत्तर प्रदेश सरकार) संजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरकर बैट और बॉल खेलते हुए खेल भावना को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरे मैदान में युवाओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही। खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और दर्शकों ने तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया। राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त



किया और कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि जीवन को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मंच और अवसर देने की होती है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से निकलने वाले खिलाड़ी आज देश और दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं, जो गर्व की बात है। आयोजकों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जिठनियां जैसे गांव में इस स्तर का टूर्नामेंट होना इस बात का संकेत है कि अब गांवों में भी खेल संस्कृति तेजी से विकसित हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे आयोजन और भी बड़े स्तर पर होंगे। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें सितारगंज सहित आसपास के कई क्षेत्रों की टीमें शामिल हैं। मैचों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम में अमरिया ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह उर्फ निशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पूरा मैदान खेल प्रेमियों से भरा रहा और वातावरण खेलमय बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में मो. हसिन मलिक, उमेश सागर, प्रेम शंकर, सतीश सागर, चेतराम वर्मा, मोहनलाल वर्मा सहित अन्य आयोजकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 55वें उर्स मेला की तैयारियां तेज

**इस्लामनगर शाह सदरूददीन मियां रहमतुल्ला आलैह की याद में होता है उर्स**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** कस्बे के बिसौली रोड स्थित दरगाह हजरत शाह सदरूद्दीन मिया रहमतुल्ला अलैह का 55वां सालाना 15 दिवसीय उर्स मेला इस बार पूरे शान-ओ-शौकत के साथ मनाया जाएगा। उर्स मेले की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और आयोजन स्थल को सजाने-संवारने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यह पवित्र उर्स 7 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेगा,



11 में से 15 में तक ऑल इंडिया दंगल का आयोजन किया जाएगा उर्स मेले के।समापन पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

उर्स मेले को लेकर दरगाह कमेटी, प्रशासन और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दूर-दराज से आने वाले जायरीनों की सुविधा के लिए साफ-सफाई, रोशनी, पानी और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मेले के दौरान इलाके में धार्मिक माहौल के साथ-साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेगा। मेले की खास बात यह रहेगी कि यहां मशहूर कव्वालों के बीच कब्बाली मुकाबले आयोजित होंगे, जो जायरीनों को सूफियाना रंग में रंग देंगे। इसके अलावा 17मई दिन इतवार को राष्ट्रीय स्तर का मुशायरा भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें नामी शायर अपनी शायरी से महफिल को सजाएंगे। मनोरंजन के लिए मेले में झूले, चरखी, मौत का कुआं और अन्य आकर्षक खेल भी लगाए जाएंगे, जो बच्चों और युवाओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे। व्यापारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकानों की भी तैयारी की जा रही है, जिससे मेले में रौनक और बढ़ेगी।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी मौका मुआयना किया जा रहा है। मेले के दौरान पुलिस बल की तैनाती रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और जायरीन सुरक्षित माहौल में उर्स का आनंद ले सकें। दरगाह कमेटी ने सभी अकीदतमंदों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उर्स में शामिल हों और अमन-चैन व भाईचारे की दुआ करें। इस मौके पर समस्त इंतजामिया कमेटी मौजूद रहीं।

# दुकान से 5170 रुपये चोरी करने वाला शातिर चोर दबोचा

**देवरनियां पुलिस की तत्परता एसएसपी के निर्देशन में हुई प्रभावी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कोतवाली देवरनियां पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दुकान के गल्ले से नगदी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। उसके कब्जे से चोरी किए गए 5170 रुपये, एक मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पुरैना ताल निवासी चरण सिंह अपनी पेस्टीसाइड की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान एक युवक दुकान पर पहुंचा और उन्हें पास की दुकान पर बुलाने का बहाना बनाकर वहां से हटा दिया। जब वह कुछ देर बाद वापस लौटे तो देखा कि युवक गल्ले से 5170 रुपये चोरी कर भागने का प्रयास कर रहा है। शोर मचाने पर आसपास के लोगों की मदद से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया, और पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली देवरनियां में आरोपी इरफान पुत्र नन्हे निवासी ग्राम



डोहरिया पचदौरा थाना भोजीपुरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी की पूरी रकम बरामद कर ली।

**पुलिस की सक्रियता से मिली सफलता**

कोतवाली देवरनियां पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होने का संदेश गया है।

पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि वह पहले भी कई बार चोरी के मामलों में जेल जा चुका है, और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कुशल नेतृत्व और सतर्कता के चलते पुलिस टीम ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अपराधियों में भय का माहौल है और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**आरोपी का आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार आरोपी इरफान के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, जिसके चलते वह पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस अब उसके पुराने रिकॉर्ड को खंगालकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# जिला रामपुरः सीएमओ डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सफल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** जिले में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सीएमओ डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिले के कुल 38 PHC@UPHC केंद्रों पर मेले का आयोजन हुआ, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक लाभ लोगों को मिला। मेले के दौरान कुल 45 डॉक्टरों और 213 पैरामेडिकल स्टाफ ने सेवाएं दीं। इस दौरान कुल 1212 मरीजों का उपचार किया गया, जिनमें 528 पुरुष, 568 महिलाएं और 116 बच्चे शामिल रहे। स्वास्थ्य जांच और उपचार के तहत 110 बुखार के मरीज, 123 गैस्ट्रो, 106 डायबिटीज, 260 त्वचा रोग, 18 लीवर संबंधित, 68 हाईपरटेंशन और 23 एनीमिया के मरीज पाए गए। वहीं 41 टीबी संदिग्ध और 1 कैंसर मरीज की पहचान की गई। इसके अलावा 164 गर्भवती महिलाओं (ANC) की जांच की गई और 5 कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया गया। मेले में 457 आयुष्मान गोल्ड कार्ड बनाए गए, 59 ABHA आईडी तैयार की गई और 15 लोगों की आंखों की जांच की गई। टेलीमेडिसिन के माध्यम से 4 मरीजों को परामर्श दिया गया। गंभीर स्थिति वाले 21 मरीजों को उच्च केंद्रों के लिए रेफर किया गया, जिनमें 8 मरीजों को जनरल सर्जरी के लिए भेजा गया। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्देश्य आमजन को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को समय पर इलाज मिल सके और गंभीर बीमारियों की पहचान शुरुआती स्तर पर ही हो सके।



# कोसी नदी स्वच्छता अभियान में निकला 350 किलो कचरा, 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान





शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुरः रामपुर** में 'हर रविवार, एक घंटा श्रमदान' अभियान के तहत कोसी नदी की स्वच्छता के लिए वृहद अभियान चलाया गया। 'क्लीन रिवर, बेटर टुमारो' थीम पर कोसी पुल क्षेत्र में आयोजित इस अभियान में युवाओं, स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के दौरान 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने करीब 1.5 से 2 किलोमीटर क्षेत्र में सफाई करते हुए 350 किलो से अधिक प्लास्टिक, पॉलिथीन व अन्य कचरा एकत्रित किया। इस पहल का उद्देश्य नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। नमामि गंगे से जुड़े डीपीओ लव कुमार ने कहा कि नदी स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है और छोटे प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में जिला गंगा समिति ने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए इस अभियान को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# बिलासपुर में अवैध खैर कटाई करते पकड़ा गया आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** थाना बिलासपुर क्षेत्र में आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खैर की लकड़ी काटते समय वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी मनजीत सिंह पुत्र काला सिंह निवासी बेरखेड़ा को पकड़ लिया। जबकि मौके से 6 अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पकड़े गए आरोपी के कब्जे से:

एक अवैध तमंचा 315 बोर

एक जिंदा कारतूस

इलेक्ट्रॉनिक आरा (पेड़ काटने का उपकरण)

भी बरामद हुआ है। साथ ही मौके से 14 नग लकड़ी (लगभग 2 कुंतल) बरामद कर सुरक्षित रखवाई गई।

इस मामले में आर्म्स एक्ट व वन अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कुमार कार्तिकेय चौक के निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** कुमारतनय वैश्य समाज के सदस्यों ने कुमार कार्तिकेय चौक के निर्माण की मांग को लेकर रविवार को नगर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। कुमार तनय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक श्रीश गुप्ता ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि दो बर्ष पूर्व स्वजातिय समाज के प्रतिनिधिमंडल की ओर से शहर विधायक आकाश सक्सेना से मिल कर स्टार चौराहे का नाम कार्तिकेय चौक रखने की मांग की थी। लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरु नही हुआ है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरु कराया जाए। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुमारतनय सभा के संरक्षक परितोष चांदीवाला, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजन गुप्ता, सुनीत गुप्ता ,माधव गुप्ता ,आशुतोष गुप्ता, सचिन मोहन गुप्ता,विशाल गुप्ता, प्रशांत गुप्ता ,राहुल गुप्ता,सौरभ पाठक, गोपाल शर्मा आदि शामिल रहे।



# धूमधाम से मनाया गया विश्व प्रेस पत्रकारिता दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद ।** पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड ने अपने नए कार्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर षबिना किसी भय या पक्षपात के पत्रकारिताष के नारे के साथ सभी पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हम सत्य, स्वतंत्रता और डिजिटल युग में जवाब देही के साथ स्थाई शांति के लिए खड़े हैं। जिसमें किसी भी प्रकार की सूचनाओं को सार्वजनिक क्षेत्र के रूप में ही देखना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने और प्रेस की आजादी के मूलभूत सिद्धांतों का जश्न मनाने के लिए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष तीन मई के दिन ही मनाया जाता है। यह दिन सरकारों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करने की याद दिलाता है और उन पत्रकारों को श्रद्धांजलि भी देता है जिन्होंने पत्रका. रिता के दौरान अपनी जान गवां दी। विश्व प्रेस पत्रकारिता दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना और मीडिया की आजादी पर होने वाले हमले के खिलाफ खड़े होकर उनकी रक्षा के साथ पत्रकारों के योगदान को सम्मानित करना ही है। प्रेस को लो. कतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और इस दिन निष्पक्ष रिपोर्टिंग और मीडिया कर्मियों की सुरक्षा की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। इस दिन न केवल प्रेस की आजादी का जश्न मनाया जाता है बल्कि दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आंकलन भी किया जाता है। इस विश्व प्रेस पत्रकारिता दिवस के कार्यक्रम में शामिल रहने वालों में अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक बीपी विद्यार्थी, संस्थापक एहसान खान, कार्यकारी अध्यक्ष आक. ाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक शराफत हुसैन, कोषाध्यक मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार सुहैल खान, उपाध्यक्ष जहीर खान, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, कनिष्ठ उपाध्यक शावेज छोटे, संयुक्त सचिव फैजी खान,सचिव तकरीर अहमद,सचिव शान मोहम्मद,प्रचार मंत्री धर्मेन्द्र सागर,महिला विंग अध्यक्ष नेहा गुप्ता,इरफान मालिक सदस्य,शावेज खान सदस्य,विकास मुल्तानी सदस्य,तालिब सदस्य, रशीद अल्वी कार्यालय प्रभारी का भी योगदान रहा है।



# बच्चा चोर के शक में ग्रामीणों ने युवक के पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोट।** संदिग्ध हालातों में गांव में घूम रहे नशे के आदी एक युवक को ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझ कर पिटाई कर पुलिस के सुपर्द कर दिया।वहीं जांच के दौरान युवक के नशे का आदी होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान कर दिया।

रविवार सुबह भोट कस्बे में ही बच्चे अपने घर के बाहर खेल रहे थे।इसी दौरान गांव की गलियों में संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति ने एक बच्चे को अपनी गोद में उठा लिया। अनजान व्यक्ति द्वारा बच्चे को अपनी गोद में उठाता देख पास में ही बैठे ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। इसी दौरान बच्चे के परिजन व ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर एकत्र हो गयी और आरोपी युवक को बच्चा चोर समझ कर पिटाई कर दी तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान कानपुर जनपद के सजैती थाना क्षेत्र के निबिया खेड़ा गांव निवासी इमरान के रूप में हुई। जांच के दौरान आरोपी युवक के नशे के आदी होने व नशे की हालत में ही गांव में पहुंच जाने की जानक. ारी मिली है।

# नौ केंद्रो पर 2581 परीक्षार्थियों ने दी नीट की परीक्षा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच नौ केंद्रों पर 2655 परीक्षार्थियों में से 2581 ने नीट की परीक्षा दी। छात्रों को प्रवेश से पहले कई स्तरों की जांच से गुजरना पड़ा। जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच नौ परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नीट की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रो के अंदर जाने दिया दिया गया। चौंकिग से गुजरने के बाद परीक्षार्थियों को रूपए के सिक्कों को भी अंदर ले जाने नहीं दिया गया। पहले परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर ही मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिले में नीट की परीक्षा के लिए नौ परीक्षा केन्द्र बनाए गए, जहां पर 2655 परीक्षार्थियों में से 2581 परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी। परीक्षा को कराने के लिए करीब 221 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। नीट परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना और एडिशनल एसपी अनुराग सिंह ने परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया। एनटीए की जारी गाइडलाइन के अनुसार छात्रों को परीक्षा केंद्रों में खड़े होकर वीडियोग्राफी और बायोमैट्रिक के बाद ही एंट्री दी गई। परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक सेंटर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी लगातार दौड़ते रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहीं व निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के एकत्र होने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रही।

### चौराहों के साथ ही परीक्षा केंद्र के पास तैनात रहा पुलिस बल

रामपुर। सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ परीक्षा केंद्रों के बाहर एकत्रित हो गई। परीक्षा को लेकर लिए व्यापक इंतजाम किए गए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश से पहले कई स्तरों की जांच से गुजरना पड़ा। इसमें बॉयोमेट्रिक, फेस रिकग्निशन और पहचान पत्र की जांच शामिल है। परीक्षार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। जूते तक उतरवा कर परीक्षार्थियों की चेकिंग की गई। इस दौरान चौराहों से लेकर परीक्षा केंद्र के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया। पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को हटाया। परीक्षा की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए केंद्रों के बाहर आवश्यक घोषणाएं भी की गईं। डीएम के द्वारा बनाई उच्चस्तरीय कमेटी ने लगातार परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया। परीक्षा सकुशल संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# ठाकुर मयंक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न आंदोलन की चेतावनी







शाह टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में भारतीय मजदूर संघ के संरक्षण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े संविदा कर्मचारियों के संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन और समय से वेतन भुगतान जैसे अहम मुद्दों पर रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता ठाकुर मयंक प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अश्वनी शुक्ला, हरिशरण मिश्रा और महेंद्र कुमार दीक्षित मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में कर्मचारियों को मार्च माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। बैठक में कर्मचारियों के नियमितीकरण, सेवा सुरक्षा, रिक्त पदों पर समायोजन और वेतन भुगतान में हो रही देरी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आने वाले समय में आंदोलन की रूपरेखा पर भी विचार किया गया और जनपद स्तर पर दिशा-निर्देश जारी किए गए। अश्वनी शुक्ला ने भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए उच्च स्तर पर अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह और प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में राम प्रताप सिंह, रविंद्र राठी, अरविंद राणा, डॉ. ज्ञानेंद्र भारती, डॉ. शैलजाकांत पांडेय, डॉ. आकर्ष शुक्ला, चंद्रशेखर यादव, रत्नेश बाजपेयी, रवि शुक्ला, पंकज त्रिपाठी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खतौली सड़क हादसे में मरे दंपति सहित बेटे की उठी अर्थियां







शाह टाइम्स सवांददाता

**खतौली।** थाना क्षेत्र के गांव छछरपुर में शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन सदस्यों पति, पत्नी और बेटे की मौत से गांव में गहरा शोक पसरा है। रविवार को जब तीनों की अर्थियां एक साथ उठीं, तो माहौल बेहद गमगीन हो गया और हर आंख नम नजर आई।

छछरपुर निवासी 60 वर्षीय राजकुमार अपने 30 वर्षीय बेटे सोनू और पत्नी महेंद्रो के साथ बाइक से फलावदा एक बीमार रिश्तेदार को देखने जा रहे थे।

जैसे ही वे कैलावाड़ा कलां गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक बाइक से बचने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित हो गई। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राज. कुमार और सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल महेंद्रो को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही तीनों के शव गांव पहुंचे, पूरे माहौल में मातम छा गया।

घर के आंगन में शव रखे जाने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। महिलाओं की चीखें और बच्चों की सिसकियां सुन हर कोई भावुक हो उठा।

जब एक ही परिवार की तीन अर्थियां एक साथ उठीं, तो पूरा गांव अंतिम यात्रा में शामिल हुआ।

हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध नजर आया। मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिनमें पूर्व विधायक विक्रम सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग भी पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। अधिका. रियों ने मौके पर पहुंचकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना के बाद गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। एक ही पल में तीन जिंदगियां खत्म हो गईं, पीछे रह गया तो सिर्फ दर्द, यादें और अपूरणीय क्षति।

# सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने बताया मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 1212 मरीजों को मिला उपचार

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** जिला रामपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के दौरान सभी पीएचसी/यूपीएचसी केंद्रों पर कुल 1212 मरीजों का उपचार किया गया। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह और नोडल अधिकारी डॉ. चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक केंद्र पर मरीजों की लाइन लगी मिली।

अजीतपुर में 71, बड़गांव 36, बड़ाखास 51, बढ़पुरा 15, बाग छोटे साहब 48, बरेली गेट 102, बेग. माबाद 48, भवरका 15, बिलासपुर गेट 64, चमरव्वा 15, दड़ियाल 24, ढकिया 18, धमोरा 35, डोंकपुरी 27, दोमहला 56, घेर मियां खां 85, केमरी 35, काशीपुर 29, खेमपुर 16, कोयला 28, मानपुर ओझा 20, मसवासी 27, मीरापुर 14, मिलकखानम 27, नागलिया आकिल 10, नवाबगंज 22, पैगंबरपुर 17, परम 16, पटवाई 40, पीपली नायक 18, पंजाब नगर 28, रजपुरा 29, रमपुरा 25, सैदनगर 38, सैफनी 24, शहजादनगर 18, बिसारत नगर 11 और डायमंड कॉलोनी में 10 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्देश्य आमजन को नजदीक ही बेहतर और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि समय पर इलाज मिल सक।

### भट्टे से युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**बुढ़ाना।** गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बुढाना पुलिस को बतलाया कि वह अपने परिवार के साथ बुढाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित एक भट्टे पर ईंटें पाथने का काम करता है। 30 अप्रैल की दोपहर उसकी 18 वर्षीय पुत्री भट्टे पर ही मौजूद थी। इसी दौरान फुगाना थाना क्षेत्र के गांव सराय निवासी पंकज पुत्र रामपाल भट्टे पर आया और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया।

# फहीमपुर में तेंदुए की दहशत गोशाला में दो गायों पर किया हमला


शाह टाइम्स सवांददाता

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के गांव फहिमपुर में इन दिनों तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है। शनिवार देर रात एक अज्ञात खूंखार जंगली जानवर ने गांव में घुसकर गौशाला में बंधी गायों पर हमला बोल दिया। इस हमले में दो गाय गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक गाय की कमर की हड्डी टूट गई, जबकि दूसरी को बुरी तरह नोच डाला गया, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, घटना गांव निवासी सुभाष पुत्र नवल सिंह के मुर्गी फार्म के पास स्थित गौशाला की है। रात के अंधेरे में हुए इस हमले की भनक किसी को नहीं लग सकी। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर निकले, तब इस घटना का पता चला। गौशाला के पास पहुंचते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए। दोनों गाएं जमीन पर घायल अवस्था में तड़प रही थीं और आसपास खून के निशान फैले हुए थे। सूचना मिलते ही पशुपालक सुभाष मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। लोगों ने हमलावर जानवर की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका।

# सिद्ध पुरुष कभी संकीर्ण नहीं होतेः मोरारी बापू

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित शुकदेव आश्रम में आयोजित राम कथा के दूसरे दिवस विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक सन्त मोरारी बापू ने अपनी विशेष शैली में शुकदेव महाराज की महिमा सहित साधु की महिमा, कृष्ण महिमा,तुलसीदास महिमा, भाषा ज्ञान मन्त्र,कबीरदास चरित्र विशेषता,अध्यात्म से परम् आनन्द रहस्य सहित श्रद्धालुओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। विशेष व्यवस्था के बीच भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। सन्त मोरारी बापू ने कथा का शुभारंभ उपनिषद के श्लोक गगन सिद्धांत अमृत कल्लोलनदी से करते हुए कहा कि भागीरथी व भागवत के संगम शुकतीर्थ में शुकदेव भगवान की महिमा का वर्णन व्यापक है। अमर नाथ की गुफा में महादेव ने जब पार्वती को अमर कथा का वर्णन किया था।तब तोते के रूप में भगवान शुकदेव ने अमर कथा का श्रवण किया था।शुकदेव की अनुभूति संकीर्ण नही है।कोई भी सिद्ध पुरुष संकीर्ण नही हो सकता वह असीम होता है।शिव पार्वती ने शुकदेव को यग्योपवित कराया। शुकदेव परम् ज्ञानी हैं।परम् हंस हैं। शुकदेव निर्वाण के देवता हैं। भगवान कृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए मोरारी बापू कहते हैं कि गोपियां भगवान कृष्ण को विचरण करते आते जाते देखती हैं। उनके इसी रूप में वह मोहित हैं। गोपियां कृष्ण का ध्यान नही करती। भगवान के विचरण को देखने की चेष्टा लालसा ही मंगल ध्यान है। भाषा के सम्बंध में मोरारी बापू ने कहा कि संस्कृत भाषा नही वाणी है। कम शब्दों में विस्तार से कहना उसे आदि भाषा कहते हैं।आदिभाषा को समझने के लिए साधु संहिता की आवश्यकता होती है। जैसे कबीरदास कहतें हैं।बरसे कम्बल भीगे पानी इसे समझने के लिए अलग से ज्ञान की जरूरत है।



# स्मार्ट मीटर के खिलाफ आप का प्रदर्शन, "यह स्मार्ट नहीं, लूट का मीटर"

## आप नेता फैसल लाला के नेतृत्व में जबरदस्त प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के विरोध को लेकर आम आदमी पार्टी (AAP) ने रामपुर में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। केमरी बिजली घर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ऑक्सीजन मास्क लगाकर और स्मार्ट मीटर के फोटो जलाकर सरकार व बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश प्रवक्ता फैसल खघन लाला और जिला अध्यक्ष अंसार अहमद ने किया। कार्यकर्ताओं ने पुराने बिजली मीटर से पाइप जोड़कर प्रतीकात्मक रूप से ऑक्सीजन मास्क लगाया और बताया कि जैसे मरीज ऑक्सीजन के सहारे सांस लेता है, वैसे ही जनता महंगी बिजली के बोझ तले जी रही है। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खघन लाला ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर आम जनता, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा हमला किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना राहत देने के बजाय लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। उनका कहना था कि बढ़ती बिजली दरों और प्रीपेड सिस्टम ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नलकूपों पर 4ळ सिम आधारित स्मार्ट मीटर लगाने की योजना से किसानों में नाराजगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी के कारण मीटर सही से काम नहीं कर रहे, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और इसका सीधा असर किसानों की आजीविका पर पड़ रहा है।

जिला अध्यक्ष अंसार अहमद ने कहा कि प्रदेश के उपभोक्ता मनमाने बिजली बिल, गलत रीडिंग और तकनीकी खामियों से परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि जहां पहले बिजली बिल करीब 1500 रुपये आता था, अब वही बढ़कर 6000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है। साथ ही प्रीपेड भुगतान के बावजूद लंबे समय तक बिजली कटौती इस व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा कर इसे तुरंत रोका जाए और आम जनता को राहत दी जाए।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी रयान अली खा सभासद वकील अहमद, सभासद मौ० तारिक, सभासद शारिक परवेज, सभासद मोहम्मद जफर, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, सभासद सरफराज गुड्डू, सभासद आरिफ सिकंदर राजू, सभासद मौ० वकील, सभासद अब्दुल अय्यूब, सभासद फैजान सैफी, सभासद वकील हैदराबादी, सभासद नियाज अहमद, सभासद बशीर अहमद, इकबाल हुसैन, आयुष जौहरी, शिराज अहमद, गुलाबो देवी, नन्ही देवी, शेम लता, मानसी, रुकसाना बी, शबनम परवेज, टीना कुमारी, रजनीश शर्मा, संजीव पांडे, मुन्ने अली, सलीम अहमद, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन, इकरार अहमद, जावेद हबीब, राशिद अली, फैज खां, आमिर खां, अलीम अली, आशु, नासिर हुसैन, अब्दुल समद, रेहान खां, उवैज खां, एहतेशाम खान, तालिब खान, दाऊद अली, वासिल खां, अमीक जहांगीर, अथर अली, मौ० यासिर, उज्जाम खालिद, रेहान अली, रहमान खां, आशु अंसार, आरिश खां, मामून खां, रय्यान खां, अरहम खां, आलमगीर, ऋषि पाल, मुकेश यादव, भीम सिंह, इंद्रमणि, महेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# रामपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी: 21 लाख के 60 गुम मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए

## अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बरामद मोबाइल स्वामियों को दिए




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर ।** पुलिस ने आमजन को बड़ी राहत देते हुए गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सर्विलांस सेल की टीम ने ब्म्प्त पोर्टल और प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 60 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई प्रदेश में अपराध नियंत्रण और साइबर अपराध से निपटने के लिए तय प्राथमिकताओं के तहत की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रामपुर के नेतृत्व और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में सर्विलांस टीम ने लगातार प्रयास कर यह सफलता हासिल की।

रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन वापस मिल पाएगा। इस दौरान पुलिस ने मोबाइल धारकों को जागरूक करते हुए कहा कि वे अपने मोबाइल की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और गुम होने की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। उल्लेखनीय है कि सर्विलांस सेल रामपुर इससे पहले भी कई बार गुम मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंप चुकी है।

**सराहनीय कार्य करने वाली टीम में**– प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 टीकाराम चौहान, उ0नि0 जितेन्द्र कुमार, उ0नि0 मंयक गोयल, मुख्य आरक्षी विनय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार सैनी, मुख्य आरक्षी दीपक चाहल, मुख्य आरक्षी दिनेश सिंह तथा आरक्षी जय कुमार शामिल रहे।

# 07 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने वाला अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** थाना केमरी:- वादी के 07 वर्षीय पुत्र के साथ कुकर्म करने के उपरान्त हत्या कर शव को जंगल में फेकने के अभियोग में प्रकाश में आया अभियुक्त पुलिस मुठभेड मे गिरफ्तार।

दिनांक 15.04.2026 को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर वादी की 07 वर्षीय पुत्र लापता होने के सम्बन्ध में थाना केमरी पर मु0अ0सं0- 46/26, धारा-137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

दिनांक 17.04.2026 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के पुत्र के साथ कुकर्म करने के उपरान्त हत्या कर शव को जंगल में फेंकने पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-103(1)/238/140(1) बीएनएस व 5उ/6 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त रेहान पुत्र शमशुद्दीन निवासी ग्राम खेमपुर थाना कैमरी जनपद रामपुर का नाम प्रकाश में आया। दिनांक 02.05.2026 की रात्री को थाना केमरी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त में




वांछित अभियुक्त रेहान उपरोक्त को ग्राम खेमपुर के पास स्थित सुंदरलाल लोधी इंटर कॉलेज के पास वाले खेत में झोंपड़ी में छुपा हुआ। उक्त सूचना पर थाना केमरी पुलिस द्वारा छिपते छिपाते खेत से होते हुए उक्त झोंपड़ी के पास पहुँचे तो उक्त अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर उक्त अभियुक्त रेहान संसुद्दीन दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर ,एक अदद जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना केमरी पर मु0अ0सं0 60/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। घायल अभियुक्त रेहान उपरोक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।गिरफ्तार करने वाली टीम में हिमांशु चौहान थानाध्यक्ष, उ0नि0 अंशुल कुमार, उ0नि0 गौरव कुमार, हे0का0 हिमेन्द्र सिंह, का0 विक्की देवल, आदि शामिल थे।

# भाकियू अंबावता की हुई मासिक पंचायत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की ओर से रविवार को ग्राम जादवपुर मिलक में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में आवारा पशुओं के दृारा हुए किसानों के नुकसान और किसानों के कर्ज माफी जैसे मुद्दे पर चर्चा की गई। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश दोनों ही सरकारो को मिलकर किसान मजदूरो का कर्ज माफ करना चाहिए। आवारा पशुओं के दृारा किसानों की तमाम फ सले उजाड़ दी गई है जिसको लेकर किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। महंगाई चरम पर होने के बावजूद भी फसलों के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। खाद ,डीजल कीटनाशक दवाइयां के दाम आसमान को छू रहे हैं। कहा कि आगामी 17 मई को लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता की अध्यक्षता में होने वाली भाकियू अंबावता की महापंचायत के दौरान किसान ,मजदूर एवं फसलों की समस्याओं को लेकर सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। इस अवसर पर अरविंद कुमार एडवोकेट ,इसरार अली पाशा ,कृष्णपाल ,रतनलाल ,दर्शन लाल ,बाबूराम ,नौबत राम ,संजीव सिंह ,तेजपाल ,अशरफ अली ,दिनेश लाल ,मुरारी लाल ,अमनदीप ,राकेश कुमार ,श्यामलाल आदि शामिल रहे।

# रामपुर फिर बना नंबर-1, UP&112 परफॉर्मेंस डैशबोर्ड में लगातार 20वीं बार पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर जनपद ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट पुलिस व्यवस्था का प्रदर्शन करते हुए बड़ा मुकाम हासिल किया है। अप्रैल 2026 माह की UP&112 Performance Dashboard रैंकिंग में रामपुर पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। जारी प्रेस नोट के अनुसार, जनपद रामपुर ने 94.68 अंक प्राप्त कर प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया। खास बात यह है कि रामपुर इससे पहले भी लगातार सितम्बर 2024 से लेकर अप्रैल 2026 तक हर माह प्रथम स्थान पर बना हुआ है, जो इसकी निरंतर बेहतर कार्यप्रणाली को दर्शाता है।

इस रैंकिंग में पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) का औसत रिस्पांस टाइम, कॉल इनरूट व अराइवल टाइम, पीआरवी की उपलब्धता, कॉलर फीडबैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेंट क्लोजर सिस्टम, अर्ली अराइवल और विजिलेंस जांच रिपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर अंक दिए जाते हैं।

पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी यूपी-112 के कुशल नेतृत्व में यह उपलब्धि हासिल की गई है। लगातार 20वीं बार प्रथम स्थान मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने पूरी यूपी-112 टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया।

रामपुर पुलिस की इस उपलब्धि से जनपद में खुशी का माहौल है और इसे पुलिसिंग के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# तुरैहा समाज करेगा मैधावी बच्चों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज की ओर से रविवार को सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि प्रांगण में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष कमल तुरैहा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हमारा समाज बिखरा हुआ है। हमारे समाज के ही कुछ लोग आपस में फूट डालने का काम कर समाज को छित पहुंचा रहे है। जो समाज के लिए नुकसानदायक है। जिलामंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट ने कहा की समाज में शिक्षा की महत्ता व बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाज की ओर से जल्द ही जनपद की समस्त तहसील व नगरीय क्षेत्र के स्वाजातीय परिवार के हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट व अन्य उच्च परीक्षाओं में मेधावी रहे बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिलामंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट,कामरेड मेवीराम, रामगोपाल , अरविन्द कुमार, धर्म सिंह, नरेंद्र कुमार तुरैहा, राजेश कुमार तुरैहा, पूरन लाल कश्यप, प्रियांशु राय, अंकित कुमार, मुरारीलाल तुरैहा, अर्जुन कुमार , प्रीतम तुरैहा, पवन कश्यप, राजीव कुमार तुरैहा, रामसरन, रवि तुरैहा, कृष्ण अवतार , रिन्कू, नवल किशोर, शिवकुमार, बालकिशोर आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट और गंदी गालियां देने का आरोप: पुलिस ने चार पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** प्रार्थी मोहम्मद अशरफ पुत्र असलम नगर के मोहल्ला हकीमान निवासी हूँ मेरे पडोस का अरमान पुत्र हफीज मेरी पत्नि रुबीना पर बुरी नजर रखता है 19 अप्रैल 2026 रात 11 बजे मेरे घर मे अरमान आ गया और मेरी पत्नि के साथ गाली गलौच व अश्लील हरकत करी। मैं घर से बाहर था। जब मैं घर आया तो मेरी पत्नि रुबीना ने मुझे सारी घटना बतायी। मैं शिकायत करने उसके परिवार वालो से गया तो इसी बात को लेकर मुझे व मेरे चाचा मुकर्रम को अरमान पुत्र हफीज, हफीज पुत्र हबीब, उजमा पुत्री हफीज, मुस्तफा पुत्र नासिर निवासीगण मोहल्ला हकीमान ने गन्दी गंदी गालियां दी। और लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# पत्नी लापता, पति ने पुलिस से मदद की लगाई गुहार: किराये के मकान से बिना बताए हुई गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद।** एक हैरान कर देना वाला मामला सामने आया एक पति ने अपनी पत्नी को ढूंढने के लिए पुलिस से गुहार लगाई।नसीम पुत्र अब्दुल वहीद, जो मूल रूप से मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मेहलकपुर माफी का रहने वाला है, अपनी पत्नी रोशन जहाँ और एक बच्चे के साथ शाहबाद के खटपुर मोहल्ले में एक किराए के मकान में रह रहा था।

नसीम ने बताया हाल ही में, 11 अप्रैल को वह काम पर था, इसी दौरान दोपहर करीब 11 बजे, उसकी पत्नी रोशन जहाँ बिना किसी को बताए घर से चली गई। नसीम ने अपनी पत्नी को ढूंढने के लिए रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की।हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद रोशन जहाँ का आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। इसके बाद, नसीम ने अपनी लापता पत्नी को ढूंढने के लिए पुलिस का दरवाजा खटखटाया है।नसीम ने शाहबाद थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें उसने पुलिस से अपनी पत्नी को ढूंढने और आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# अपहरण व दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार, वारंटी पकड़ा, अवैध कटाई में एक हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** जनपद रामपुर पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार- थाना शहजादनगर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी अर्जुन पुत्र कल्लू निवासी ग्राम मो. मिनपुर अहमदाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर धमौरा कट के पास की गई। आरोपी के खिलाफ पहले ही मु0अ0सं0-75/2026, धारा 65(2) बीएनएस व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष कुलदीप राणा, कांस्टेबल रोहित राणा व आदेश कुमार की टीम शामिल रही।

# गौशाला में गौ सेवा कार्यक्रम, श्रद्धा से की सेवा और खिलाया चारा

## अध्यक्ष संदेश अग्रवाल बोले गौसेवा देती है मन को शांति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने स्थानीय गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा की। कार्यक्रम की शुरुआत गायों को तिलक लगाकर की गई, जिसके बाद समिति के सदस्यों ने तरबूज, खीर, खरबूजे और हरा चारा खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कहा कि जो लोग अपने घरों में गाय पालते हैं, उनके घर में कभी धन की कमी नहीं होती और वे बीमारियों से भी दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि गाय पालने से मन को शांति और संतोष मिलता है तथा जीवन के दुख कम होते हैं। उन्होंने गाय को "माता" बताते हुए इसे राष्ट्र माता घोषित करने की बात भी कही। कार्यक्रम में मीणा अग्रवाल, उषा शर्मा, बीना अग्रवाल, सुमित गुप्ता, राजकुमार सिंह, मधु बंसल, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार सहित समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने गौ सेवा के महत्व पर बल देते हुए समाज को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



# रामपुर बना 'मिनी कोलकाता': मछली उत्पादन 10 हजार टन पार, 27% की बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर ।** अब मत्स्य पालन और मछली बीज उत्पादन में तेजी से उभरकर 'मिनी कोलकाता' बन गया है। वर्ष 2025-26 में जिले का मछली उत्पादन 27% बढ़कर 10,402 मीट्रिक टन से अधिक पहुंच गया है, जबकि 56 हैचरियों से करीब 200 करोड़ मछली बीज की सप्लाई हो रही है। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मिल रही सब्सिडी और नई तकनीकों से इस क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। इस दौरान 3846 लोगों को रोजगार भी मिला। मिलक क्षेत्र की 'फौजी फिश हैचरी' जैसे मॉडल से स्थानीय स्तर पर सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है, वहीं सहकारी समितियों के जरिए बाजार तक पहुंच आसान हुई है। आधुनिक तकनीकों जैसे बायोफ्लॉक और आरएएस से उत्पादन को नई दिशा मिल रही है।




# रामपुर में मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** रामपुर में मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत दूसरे चरण में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद के सभी थानों से महिला सुरक्षा दल ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को जागरूक किया।

अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और नारी सम्मान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी सेवाओं के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। महिला सुरक्षा दल द्वारा पंपलेट, कॉमिक्स और अन्य जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई, ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपने अधिकारों को समझकर जरूरत पड़ने पर उनका सही इस्तेमाल कर सकें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे समाज में सुरक्षा और जागरूकता का स्तर और मजबूत हो सके।



# गैस भरते समय वैन में लगी आग: दमकल कर्मियों ने बुझाई, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** रविवार को रामलीला मैदान के पास खड़ी एक मारुति वैन में गैस भरते समय अचानक आग लग गई।अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बरवालान निवासी हरचरण अपनी मारुति वैन को रामलीला मैदान के पास एक पेड़ के नीचे खड़ी करके गैस भर रहे थे गैस भरते समय इसी दौरान वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन से आग की ऊंची लपटें निकलने लगीं। आग लगती देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को बुझाया। आग बुझने से आसपास के क्षेत्र में फैलने का खतरा टल गया। सूचना मिलने पर पुलिस अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और प्रमोद कुमार भी मौके पर पहुंचे।

# हार्ट अटैक से शाहबाद के प्रसिद्ध पकौड़ी कारीगर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला हकीमान में रविवार को पकौड़ी कारीगर की हार्ट अटैक से हुई अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा दिया। जिससे परिवार समेत आसपास के लोगों को गहरा सदमा लगा।शाहबाद के मोहल्ला हकीमान निवासी प्रेम शंकर(40) नगर के बंगाली चौक पर पकौड़ी बनने का काम करते थे, शहर में उनकी पकौड़ी काफी प्रसिद्ध थी और उनके यहां लोगों की भीड़ जमा रहती थीं, मिली जानकारी के अनुसार रविवार को प्रेमशंकर कारीगर की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जिसकी जानकारी परिजनों को तब हुई जब प्रेमशंकर की पत्नी उनको दवाई देने के लिए उनके पास पहुंची, तो प्रेमशंकर कारीगर को बेसुध पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। पत्नी की चीख सुनकर परिजन दौड़कर उनके पास पहुंचे और मोहल्ले वालों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने प्रेमशंकर कारीगर को मृत घोषित कर दिया। प्रेमशंकर की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। प्रेमशंकर कारीगर अपने पीछे दो लड़के और एक लड़की छोड़कर दुनिया से चले गए।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### अंशुल कम्बोज ने पर्पल कैप तालिका में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी की

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को खेले गए मुकाबले में तीन विकेट झटक कर भुवनेश्वर कुमार के पर्पल कैप तालिका में 17 विकेटों की बराबरी कर ली है। चेन्नई सुपर किंगस ने पिछला मैच 26 अप्रैल को खेला था, जिसमें कम्बोज इस सीजन में पहली बार बिना विकेट के रहे थे, लेकिन कल मुम्बई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट लेकर उन्होंने जबरदस्त वापसी की और 17 विकेट तक पहुंच गए। वह भुवनेश्वर के साथ बराबरी पर हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट 7-54 बनाम 8-49 के कारण पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के पास है। उनके पीछे शीर्ष पांच में राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और एसआरएच के ईशान मलिगा 15-15 विकेट के साथ हैं।

### सेमीफाइनल में फ्रांस से हारकर भारत ने कांस्य जीता

**होरसेंस (डेनमार्क)।** भारतीय पुरुष टीम होरसेंस, डेनमार्क में आयोजित थॉमस एंड उबेर कप 2026 से कांस्य पदक लेकर लौटेगी, क्योंकि शुक्रवार को सेमीफाइनल में उन्हें फ्रांस के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। 2022 के चैंपियन, जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे को चौंकाते हुए हराया था, को सेमीफाइनल मुकाबले से पहले एक बड़ा झटका लगा था, क्योंकि उनके शीर्ष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कोहनी की चोट के कारण बाहर बैठना पड़ा। इसके बाद पहली बार खेल रहे आयुष शेट्टी को पहला एकल मुकाबला खेलना पड़ा और 2025 ठॅथ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के विजेता क्रिस्टो पोपोव ने अपने प्रतिद्वंद्वी के अनुभव की कमी का फायदा उठाते हुए 21-11, 21-9 से जीत दर्ज की और भारतीयों को बैकफुट पर धकेल दिया।

# मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को खरीदा



यूके में रहने वाले भारतीय मूल के कारोबारी ने फ्रेंचाइजी की 1.65 अरब डॉलर , मौजूदा विनिमय दर के हिसाब से15 ,660 करोड़ रुपये भारी भरकम कीमत लगाई

**नई दिल्ली।** यूके में रहने वाले भारतीय मूल के कारोबारी लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि जयपुर फ्रेंचाइजी - जो इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल की शुरुआती आठ टीमों में से एक है , को खरीदने के लिए एक पक्का समझौता हो गया है।

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के आदर पूनावाला और मौजूदा मुख्य मालिक मनोज बदाले उस कंसोर्टियम का हिस्सा हैं, जिसने इस फ्रेंचाइजी को 1.65 अरब डॉलर (मौजूदा विनिमय दर के हिसाब से 15,660 करोड़ रुपये) में खरीदा है। यह घोषणा इसलिए चौंकाने वाली है, क्योंकि इससे पहले यूएस स्थित कल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को - जिसमें रॉब वाल्टन (वालमार्ट) और हैम्प (फोर्ड) परिवार साझेदार थे - इस फ्रेंचाइजी का नया मालिक घोषित किया गया था। यह वही फ्रेंचाइजी है जिसने 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में खिताब जीता था। यह टीम अभी आईपीएल 2026 में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और प्लेऑफ की ओर बढ़ रही हैद्ध टीम का युवा सितारा वैभव सूर्यवंशी शानदार खेल दिखा रहा है। समझौते के अनुसार, मित्तल परिवार मुख्य मालिक होगा और फ्रेंचाइजी का नियंत्रण उसी के पास रहेगा। फ्रेंचाइजी में उनकी हिस्सेदारी लगभग 75 प्रतिशत होगी, जबकि आदर पूनावाला की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत होगी। बाकी 7 प्रतिशत हिस्सेदारी मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी, जिनमें मनोज बदाले भी शामिल हैं - जो मजेदार बात यह है कि पहले इस फ्रेंचाइजी के मुख्य मालिक थे। कंसोर्टियम ने एक संयुक्त बयान में कहा, ष्श्री बदाले राजस्थान रॉयल्स को अपना समर्थन देना जारी रखेंगे। वे अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु का काम करेंगे और क्रिकेट के क्षेत्र में अपने गहरे ज्ञान और अनुभव से फ्रेंचाइजी को लाभ पहुंचाएंगे।ष इस अधिग्रहण में आरआर की दक्षिण अफ्रीका और कैरेबियन में स्थित सहायक कंपनियां - पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स - भी शामिल हैं। संयुक्त बयान में कहा गया है, ष्इस सौदे को पूरा करना कुछ सामान्य शर्तों पर निर्भर है। इनमें बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल और अन्य संबंधित नियामक प्राधिकरणों से मंजूरी मिलना शामिल है। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया 2026 की तीसरी तिमाही तक पूरी हो जाएगी।ष जिन लोगों के नाम बताए गए हैं, उनके अलावा आदित्य मित्तल और श्रीमती वनीशा मित्तल-भाटिया भी इस कंसोर्टियम का हिस्सा होंगे। मित्तल परिवार का राजस्थान राज्य से गहरा नाता है। लक्ष्मी मित्तल का जन्म और पालन-पोषण उत्तरी राजस्थान के सादुल. पुर गांव में हुआ था। लक्ष्मी मित्तल ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मेरा परिवार राजस्थान से है, इसलिए आईपीएल में ऐसी कोई दूसरी टीम नहीं है जिसका हिस्सा मैं राजस्थान रॉयल्स के अलावा बनना चाहूं। मैंने पहली बार स्कूल में क्रिकेट खेला था, और तब से मैं इस खेल का प्रशंसक रहा हूं।

# पंजाब ने दिया गुजरात को 164 रनों का टारगेट

**अहमदाबाद।** आईपीएल में रविवार के दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 164 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। टीम ने 47 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सूर्यांश शेडगे ने मार्कस स्टोयनिस के साथ 44 बाल पर 79 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। शेडगे ने 29 बाल पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि स्टोयनिस 40 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात की ओर से जेसन होल्डर ने 4 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा को 2-2 विकेट मिले पंजाब की पारी के आखिरी ओवर में राशिद खान ने 14 रन दिए। मार्को यानसन ने उनकी तीसरी बाल पर छक्का और चौथी बाल पर चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया।

हालांकि, राशिद ने 5वीं बाल पर उन्हें आउट भी कर दिया। 18वें ओवर में जेसन होल्डर ने मार्कस स्टोयनिस (40 रन) और जेवियर बार्टलेट (जीरो) को पवेलियन भेजा। वे 4 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने श्रेयस अय्यर (19 रन) और नेहल वाधेरा (0)लेट के आउट होने के बाद पंजाब ने विजयकुमार वैशाख को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया।

# रायपुर आईपीएल के जोश के लिए तैयार

**रायपुर।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस महीने रायपुर में आईपीएल का जश्न मनाने के लिए तैयार है। टीम मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दो जबरदस्त मुकाबले खेलेगी, जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रेमियों के बीच भारी उत्साह है।

ये बहुप्रतीक्षित मुकाबले 10 मई और 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होंगे। उम्मीद है कि ए मुकाबले राज्य की राजधानी को आईपीएल का एक बड़ा केंद्र बना देंगे, क्योंकि प्रशंसक लीग के कुछ सबसे बड़े सितारों और सबसे लोकप्रिय टीमों को मैदान पर खेलते देखने के लिए तैयार हैं। आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले के टिकट शनिवार को बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए, जबकि आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मुक. ाबले के टिकट रविवार को आरस. ीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। चूंकि आरसीबी मौजूदा आईपीएल चैंपियन के तौर पर इन मुकाबलों में उतर रही है, इसलिए मैचों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है, खासकर उन प्रशंसकों में जो मध्य भारत में बेहतरीन टी20 क्रिकेट का अनुभव लेना चाहते हैं। नॉन-हॉस्पिटैलिटी स्टैंड के टिकटों की कीमतें 2,500 रुपये और 3,500 रुपये तय की गई हैं, जबकि हॉस्पिटैलिटी एक्सेस की कीमत 8,000 रुपये रखी गई है।

# आखिरी स्थान से बचने को भिड़ेंगे मुंबई व लखनऊ




आईपीएल 2026 की तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स उम्मीदों के साथ वानखेड़े स्टेडियम में आमने-सामने होगी

**मुंबई।** आईपीएल तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुप. रजायंट्स आखिरी स्थान पर आने से बचने की उम्मीद के साथ वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार की रात भिड़ेंगी। दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं। मुंबई नौंवे और लखनऊ दसवें स्थान पर हैं।

सात दिन के ब्रेक के बाद वापसी कर रही लखनऊ सुपर जायंट्स को उम्मीद होगी कि इस आराम से उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली दिल तोड़ने वाली हार से उबरने में मदद मिली होगी। वह मैच सुपर ओवर में जाकर उनके हाथ से फिसल गया था। मोहसिन खान की शानदार गेंदबाजी (5/23)-जो इस सीजन का पहला पांच विकेट हॉल था-ने शाम को रोशन कर दिया था, जिसके बाद मोहम्मद शमी के आखिरी गेंद पर लगाए गए छक्के ने एलएसजी को मैच टाई कराने में मदद की थी। जैसा कि भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर अक्सर आईपीएल के तनाव भरे मुकाबलों के दौरान कहते हैं, कि टी-20 क्रिकेट में खुद पर तरस खाने की गुंजाइश बहुत कम होती है, और एलएसजी भी यह बात अच्छी तरह जानती है कि उन्हें अब जल्द से जल्द आगे बढ़ना होगा। ऋषभ पंत की टीम आठ मैचों में चार अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे है, फिर भी टीम के खेमे में माहौल काफी आशावादी बना हुआ है। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि अभी भी छह मैच बाकी हैं, जो टीम की किस्मत बदलने के लिए काफी हैं-खासकर तब, जब ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर -बल्लेबाज जोश इंगलिस अब चयन के लिए उपलब्ध हैं। वहीं दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस को एक कहीं ज्यादा मुश्किल हकीकत का सामना करना पड़ रहा है।

आईपीएल तालिका में पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर मौजूद और पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स से करारी हार झेल चुकी मुंबई के पास अब समय बहुत कम बचा है। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अब यहां से लगभग हर मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। और फिर भी, वानखेड़े में मुंबई को कमजोर समझना हमेशा ही जोखिम भरा होता है।

# यूक्रेन की मार्टा कोयुक ने जीता मैड्रिड ओपन



दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी ने अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत हासिल की

**मैड्रिड।** यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक ने मीरा आंद्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपना पहला खिताब जीता। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी ने अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, और स्पेन की राजधानी में जीतने वाली शीर्ष 20 से बाहर की केवल दूसरी खिलाड़ी बन गईं।

इस स्तर पर अपने पहले फाइनल में जीतने के बाद, 26वीं वरीयता प्राप्त क्वोयुक ने कहा, ष्अभी यहां खड़े होकर अविश्वसनीय महसूस हो रहा है। इस मुकाम तक पहुंचने में मुझे कई साल लगे, और इस समय मेरे मन में जो एक शब्द आ रहा है, वह है 'लगातार बने रहना' - हर दिन मौजूद रहना, चाहे काम कितना भी मुश्किल क्यों न हो, और चाहे आप अपने काम को कितना भी पसंद या नापसंद क्यों न करते हों। मुझे लगता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने यह काम बहुत अच्छे से किया है, इसलिए मुझे खुद पर और अपनी टीम पर बहुत गर्व है।ष 23 साल की क्वोयुक ने शुरुआती सेट में 4-2 की बढ़त बनाने के लिए पहली बार ब्रेक लिया। हालांकि, पहले सेट पॉइंट पर उन्होंने 'डबल-फॉल्ट' कर दिया, लेकिन नौवीं वरीयता प्राप्त आंद्रीवा के शॉट के कोर्ट से बाहर चले जाने पर उन्होंने दूसरा सेट पॉइंट जीत लिया। क्वोयुक ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही आंद्रीवा की सर्विस तोड़ दी , लेकिन 19 साल की आंद्रीवा ने तुरंत वापसी करते हुए क्वोयुक की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद, चौथे और पांचवें गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की सर्विस तोड़ते हुए गेम जीते। पिछले गेम में क्वोयुक द्वारा दो सेट पॉइंट बचाने के बाद, आंद्रीवा ने 6-5 के स्कोर पर 'डबल-फॉल्ट' कर दिया, जिससे उनकी प्रतिद्वंद्वी को मैच जीतने के लिए सर्विस करने का मौका मिल गया। क्वोयुक ने मैच जीतने के लिए तीन 'चैम्पियनशिप पॉइंट' बनाए। हालांकि, वह पहले दो पॉइंट हार गईं, लेकिन दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी आंद्रीवा ने तीसरे पॉइंट पर शॉट कोर्ट से बाहर मार दिया। इसके साथ ही, डब्ल्यूटीए 1000 स्तर के तीन फाइनल मैचों में यह आंद्रीवा की पहली हार थी। यह क्वोयुक का डब्ल्यूटीए टूर पर तीसरा और इस सीजन का दूसरा खिताब है। इससे दो हफ्ते पहले ही उन्होंने 'रूएन ओपन' का खिताब जीता था, जो क्ले कोर्ट पर खेला गया था। पुरुष युगल के फाइनल में, ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और उनके फर्निश जोड़ीदार हैरी हेलियोवारा ने एक लंबे चले अंतिम सेट के बाद मैनुअल गिनार्ड और गुइडो आंद्रेओजी की जोड़ी को हरा दिया।

# जैकी श्रॉफ ने 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन (डब्ल्यूसीआईए) द्वारा आयोजित 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 की आधिकारिक शुरुआत शनिवार को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई।

यह आयोजन सहनशक्ति, प्रतिभा और समावेशी खेलों के एक प्रेरणादायक उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, जो 3 मई से 10 मई, 2026 तक चलेगा, इसमें देश भर की शीर्ष टीमें एक रोमांचक सुपर 5 ग्रैंड फाइनल फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो भारत में व्हीलचेयर क्रिकेट के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करेगा। प्रसिद्ध अभिनेता जैकी श्रॉफ ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और आधिकारिक तौर पर चैंपियनशिप का उद्घाटन किया।

खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प से गहरे तौर पर प्रभावित होकर, उन्होंने एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया: ष्मेरा सभी के लिए संदेश है कि जिंदगी में बिंदास रहो। ए खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहे हैं। मैंने इन खिलाड़ियों को देखा और उनके जुनून को देखकर मैं अभिभूत हूं।

उन्होंने पैरा-स्पोर्ट्स (दिव्यांग खेलों) के प्रति अधिक समर्थन की आवश्यकता पर भी जोर दिया: ष्मैं हर साल यहां आना चाहता हूं और इन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि प्रायोजक भी इनका समर्थन करें। बड़ी कंपनियां आगे आएं और इन्हें प्रायोजित करें।

इस आयोजन के महत्व को बढ़ाते हुए, डीसीसीआई के सचिव रवि कांत चौहान ने खेलों में संस्थागत समर्थन और समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला कि 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप इन एथलीटों के अविश्वसनीय दृढ़ संकल्प और भावना का एक प्रमाण है। इस तरह के मंच यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं कि प्रतिभा को शारी. रिक सीमाओं से परे पहचाना जाए। हम उन पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो समावेशिता को बढ़ावा देती हैं और विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए समान अवसर प्रदान करती हैं।

# हमारे लिए एथलीटों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है : आईटीटीएफ

**लंदन।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) ने लंदन में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स में सुरक्षा जांच के दौरान एक महिला एथलीट के 'अनुचित शारीरिक संपर्क' की रिपोर्ट के बाद कहा कि एथलीटों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है।

आईटीटीएफ ने कहा कि वर्ल्ड टेबल टेनिस और स्थानीय आयोजक इस दावे से ष्बहुत परेशानष हैं। इसकी जांच की जा रही है। आईटीटीएफ ने कहा, ष्हर एथलीट हर समय और हर जगह सुरक्षित, सम्मानित और सुरक्षित महसूस करने का हकदार है। जो बताया गया है वह पूरी तरह से मंजूर नहीं है। हम यह पूरी तरह स्पष्ट करना चाहते हैं: हमारे एथलीटों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।ष टेबल टेनिस गवर्निंग बॉडी ने कहा, ष्इस प्रतियोगिता के आयोजक में शामिल कोई भी पार्टी एथलीटों की भलाई से समझौता करने वाले किसी भी काम को बर्दाश्त नहीं करेगी, और हम उम्मीद करते हैं कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी भागीदारों का सम्मान सुरक्षित रहे और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए कदम उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में, चीनी ताइपे महिला टीम की कोच झेंग जियाकी ने कहा कि ष्मैच से पहले सिक्योरिटी चेक के दौरान एक बहुत ही गंभीर और गलत घटना हुई।ष झेंग ने पोस्ट किया, ष्सिक्योरिटी स्टाफ के एक सदस्य ने हमारी खिलाड़ी के साथ अनुि. चत शारीरिक संपर्क किया। जो सेक्सुअल हैरेसमेंट हो सकता है, और खिलाड़ी के रास्ते में रुकावट डाली। लंदन वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 10 मई तक चलेगी।

# मुंबई टी-20 लीग: 10 लाख में बिके अर्जुन तेंदुलकर



मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टी-2 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी की, बोलियों में जोरदार जंग देखने को मिली

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शनिवार को टी20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी कर ली।

इससे पूर्व पहली महिला लीग की नीलामी की सफलता के बाद, पुरुषों की फ्रेंचाइजियों ने अपनी टीमों को अंतिम रूप देने के लिए बोली की मेज पर जोरदार मुकाबला किया, जिसमें उन्होंने जाने-माने अंतर्राष्ट्रीय सितारों और शहर की सबसे होनहार उभरती प्रतिभाओं का मेल बिठाया। सीजन 4 की नीलामी में बोलियों की जोरदार जंग देखने को मिली, जिसमें ऑलराउंडर आकाश पारकर सबसे कीमती खिलाड़ियों में से एक बने उन्हें सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 12 लाख रुपये में खरीदा। विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रसाद पवार 11.50 लाख रुपये) और हरफनमौला मुशीर खान 11 लाख रुपये को आर्क्स अंधेरी ने अपने इरादे साफ करते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले, लीग ने आइकॉन खिलाड़ियों की एक जबरदस्त सूची की पुष्टि की थी, जो अपनी-अपनी फ्रेंचाइजियों की अगुवाई करेंगे। इस सूची में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और मुंबई के दिग्गज शामिल हैं, जिनमें सूर्यकुमार यादव ट्रंफ नाइट्स मुंबई नार्थ ईस्ट, श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फालकन्सत्र्न, अजिक्य रहाणे नार्थ मुंबई पैंथर्स, शिवम दुबे आर्क्स अंधेरी, यशस्वी जायसवाल बांद्रा ब्लास्टर्स, शार्दुल ठाकुर ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स, सरफराज खान आकाश टाइगर्स और तुषार देशपांडे एमएससी मराठा रॉयल्स शामिल हैं। इस नीलामी ने भविष्य के सितारों के लिए एक लॉन्चपैड के तौर पर लीग की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया। अर्जुन तेंदुलकर आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहेद्ध उन्हें आर्क्स अंधेरी ने 10 लाख रुपये में खरीदा। दूसरी ओर, युवा सनसनी आयुष म्हात्रे और सूर्यांश शेडगे को ट्रंफ नाइट्स ने अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों के तौर पर बरकरार रखा। एमसीए के प्रेसिडेंट, अजिक्य नाइक ने कहा: ष्टी20 मुंबई लीग देश के सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 प्लेटफॉर्म्स में से एक के तौर पर लगातार आगे बढ़ रही है। ऑक्शन में हमने जो जबरदस्त जोश देखा, वह मुंबई में मौजूद टैलेंट की गहराई और इस इकोसिस्टम पर फ्रेंचाइजियों के भरोसे, दोनों को दिखाता है। अब जब खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर तैयार हो चुका है, तो हम एक ऐसे सीजन के लिए तैयार हैं जो क्रिकेट की क्वालिटी, मुकाबले और कुल मिलाकर स्टैंडर्ड के मामले में एक नया बेंचमार्क सेट करेगा।ष लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन, राजदीप गुप्ता ने कहा ऑक्शन ने फिर मुंबई की क्रिकेटिंग पाइपला. इन की ताकत को उजागर किया है। फ्रेंचाइजियों ने अप्रोच में काफी सोच कर फैसले लिए हैं, और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते हुए टैलेंट का संतुलित मिश्रण तैयार किया है।

# महंगाई की मार

पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रूपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रूपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रूपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है।

# महाशक्ति के पतन का कारण मासूमों की शहादत



तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फरवरी से ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों में हालांकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानत: इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आए हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुए जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फरवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुए विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनकाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज उठाने को मजबूर किया।

याद कीजिए गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मकसद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस रु डपदंइ 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर



गालिबाफ, ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुए बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुए क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गए थे। यह पहला मौका था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज से बेनकाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाकात की।

अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनी. तिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ तौर पर इसे गैर जिम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसा. इल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की ष्भयानक गलतीष भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुए हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने हैंड्स ऑफ ईरान के नारे लगाए। यहां की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुए थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी जोरदार मांग हुई।

बहरहाल, इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में युद्धापराध अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो युद्धापराध अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिए 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमे. रिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहां लाखों लोगों की हत्याएं की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहां न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गए थे। इसी तरह 2003 के ईराक युद्ध के दौरान अबूगरेब जेल में कैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं।

इसी तरह अफगानिस्तान में भी नागरिक हत्या, बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज पर इस्राईल भी लेबनॉन,पश्चिमी किनारे व गजा के इलाकों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकठ्ठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाए उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस कद्र गूंज रही हैं कि मानवीय ]दय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाए।

## श्रीमुख से...

### स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव, तो ईवीएम में क्यों नहीं



जनता इस बात को बखूबी जानती थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का ग्राफ ऊपर जाएगा, और आज वही हो रहा है, भाजपा अपने करीबियों को ज्यादा मुनाफा कमाने से नहीं रोक रही है, जिसके कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है, हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य हासिल न कर लें, समाजवादी सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी सुचारू रूप से चल रहे हैं, जिन्हें डिजिटल डिवाइड खत्म करने के उद्देश्य से दिया गया था, यदि स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव है, तो ईवीएम में गड़बड़ी क्यों नहीं हो सकती, भाजपा भय का माहौल बनाकर चुनाव लड़ती है, पश्चिम बंगाल में जनता का चुनाव है और ममता बनर्जी ही वहां बनी रहेंगी, अकेले गोरखपुर में ही हजारों शिक्षकों के पद कम हो गए हैं, जिससे पूरे प्रदेश की चिंताजनक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

# किन्नरों को जबरन वसूली का अधिकार नहीं



विनीत नारायण

हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक किन्नर की याचिका पर नेग के नाम पर जबरन वसूली को गैर कानूनी करार दिया है। अदालत ने इस तरह की वसूली को भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध बताया है। यह केस उत्तर प्रदेश के गौंडा जिले के किन्नर रेखा देवी की याचिका पर सुना जा रहा था। जिसमें रेखा देवी ने अपनी जजमानी का इलाका निर्धारित करने की अदालत से मांग की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि इलाकों की भौगोलिक सीमा स्पष्ट ना होने के कारण, प्राय: किनारों के अलग-अलग समूहों के बीच झड़पें व हिंसा तक होती है। पर अदालत ने इस याचिका को खारिज करते हुए उक्त निर्णय सुनाया।

यह सही है कि घर में खुशी के मौके पर, जैसे पुत्र या पुत्री का जन्म, विवाह या नए घर में गृह-प्रवेश के अवसर पर किन्नर बधाई देने आते हैं और नाच गा कर अपना नेग मांगते हैं। भारत में यह अनूठी प्रथा हजारों सालों से चली आ रही है। इसकी जड़ें पौराणिक काल में हैं।

सबसे प्रसिद्ध और व्यापक रूप से स्वीकृत कथा रामायण से जुड़ी है। जब भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के लिए अयोध्या से जाते हैं, तो वे लोगों द्धपुरुषों और स्त्रियोंऋ को वापस लौट जाने को कहते हैं। किन्नर (जो न पुरुष हैं न स्त्री) इस आदेश से खुद को बंधा नहीं मानते और राम की प्रतीक्षा में वहीं रह जाते हैं। 14 वर्ष बाद राम लौटते हैं तो उनकी इस भक्ति से प्रसन्न होकर राम उन्हें वरदान देते हैं कि शुभ अवसरों पर उनका आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। इसी वरदान को बधाई की परंपरा का मूल माना जाता है। किन्नर समुदाय गाते-बजाते, तालियां बजाते हुए आशीर्वाद देते हैं और बदले में नेग द्धदक्षिणा या उपहारऋ लेते हैं। यह मान्यता है कि उनकी उपस्थिति और आशीर्वाद नकारात्मक ऊर्जा दूर करती है और सौभाग्य लाती है। यह कथा वाल्मीकि रामायण और तुलसीदास की रामचरितमानस दोनों में मिलते हैं।

इसी तरह महाभारत में अर्जुन का बृहन्नला रूप (तीसरे लिंग वाला) और शिखंडी जैसे पात्र तीसरे लिंग की मान्यता दिखाते हैं। लगभग 400 ईसा पूर्व लिखे गएकामसूत्र में किन्नरों का स्पष्ट उल्लेख है। वेदों, पुराणों और अन्य शास्त्रों में भी किन्नरों का जिक्र मिलता है। किन्नरों को गायन, नृत्य और आध्यात्मिक शक्ति से जुड़ा माना जाता था। कई विद्वान और स्रोत इस समुदाय की उपस्थिति को 4000 वर्ष से अधिक पुरानी बताते हैं। मुगल काल में हिजड़ों की भूमिका और संगठित हुई। वे हरम की रखवाली, दरबा. री सेवाएं और प्रशासन में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे। बधाई की परंपरा इस काल में अधिक प्रचलित और संरचित रूप में चली, जहां वे शुभ अवसरों पर नृत्य-गान करके आशीर्वाद देते और नेग प्राप्त करते थे। दिल्ली सल्तनत और मुगल साम्राज्य में उनकी सांस्कृतिक-सामाजिक स्थिति मजबूत थी। अंग्रेजों ने 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत किन्नरों को अपराधी घोषित कर दिया, जिससे उनकी पारंपरिक आजीविका और सम्मान प्रभावित हुआ। आजादी के बाद यह कघनून समाप्त कर दिया गया। इस तरह बधाई-नेग की परंपरा उत्तर भारत, खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि में आज भी जीवित है। कुछ राज्यों में सरकार ने नेग की दरें तय करने की कोशिश भी की है। पर उसमें विशेष कामयाबी नहीं मिली। इसी अस्पष्टता का लाभ उठा कर किन्नर समुदाय प्राय: अपने जजमानों से जबरन वसूली करता है। कभी-कभी तो वसूली का तरीका बहुत अभद्र होता है। जिसमें जजमान के परिवार के सामने निर्वस्त्र हो जाना, भद्दी गालियां देना, बद्दुआएं देना और डराना धमकाना।

कभी-कभी यह सब नाटक इस सीमा तक हो जाता है कि भयभीत जजमान अपनी आर्थिक हैसियत से कई गुना ज्यादा दे कर पिंड छुड़ाता है। ऐसी वसूली को नेग कतई नहीं कहा जा सकता। यह सरासर गुंडई और अवैध वसूली का तरीका है, जिस पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन को लगाम लगानी चाहिए। इसके साथ ही कई बार ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं जब बाकायदा सम्पूर्ण पुरुष होते हुए भी मर्द, स्त्री का रूप धारण कर किन्नर होने का दावा करते हैं और इस वसूली में अपनी ताकत दिखाते हैं। हमारी सामाजिक मान्यताओं के अनुसार किन्नरों का शुभ अवसरों पर आकर गाना बजाना और बधाई देना शुभ माना जाता है। समाज इनका खुशी से स्वागत करता है और ऐसे अवसरों पर अड़ोसी-पड़ोसी जुट कर इनके साथ हास-परिहास भी करते हैं। यह एक स्वस्थ परंपरा है। प्राय: छोटे शहरों और कस्बों में किन्नरों के समूह कई पीढ़ियों तक अपने जजमान परिवारों से जुड़े रहते हैं और उनकी सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद देते हैं। देखा जाए तो सभी किन्नर संपन्न नहीं होते। वे अभावों में पलते हैं। उनकी आर्थिक, शैक्षिक या स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा का उचित इंतजाम नहीं होता।

फिर भी वे पारस्परिक सहयोग से अपना जीवन यापन कर लेते हैं। ऐसे में किन्नरों को नाचने गाने या भीख मांगने से हटा कर छोटे व्यवसायों या नौकरियों में लगाने की जिम्मेदारी, सरकार और समाज दोनों की है। जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। पर आपराधिक तरीके से जबरन वसूली करने वाले किन्नरों से परिवारों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस को तत्परता से निभानी चाहिए, जबकि ऐसा नहीं होता। इस समस्या को भी गंभीरता से लेने की जरूरत है।

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003

E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

# मुल्तानी समाज : देश निर्माण में भागीदार, मगर पहचान की दरकार



शगुफ्ता मिर्जा

भारत की सामाजिक संरचना में कई ऐसे समुदाय हैं, जिन्होंने अपने श्रम, कौशल और समर्पण से देश की नींव को मजबूत किया, लेकिन समय के साथ उनका योगदान कहीं न कहीं उपेक्षा का शिकार हो गया। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण समुदाय है मुल्तानी समाज, जिसे पारंपरिक रूप से पैदाइशी इंजीनियर के रूप में जाना जाता है। लोहार और बढ़ई के रूप में उनकी पहचान केवल पेशा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही एक वैज्ञानिक और तकनीकी परंपरा का प्रतीक है। अपने समाज के उत्थान के बारे में सोच रही हैं इसी सोच के तहत उन्होंने मुल्तानी बिरादरी को लेकर बताया कि इतिहास में मुल्तानी बिरादरी का गौरवशाली योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवपूर्ण रहा है। प्राचीन और मध्यकालीन भारत में जब युद्ध होते थे, तब इस समाज के कारीगर राजा-महाराजाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अस्त्र-शस्त्र तैयार करते थे। तलवार, भाले, बरछी, ढाल जैसे हथियारों के निर्माण में उनकी विशेष दक्षता थी। उनकी बनाई गई युद्ध सामग्री न केवल मजबूत होती थी, बल्कि युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और विजय में अहम भूमिका निभाती थी। शगुफ्ता मिर्जा ने बताया कि केवल युद्ध ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में भी मुल्तानी समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। इस समाज ने किसानों के लिए हल, बैलगाड़ी, कुदाल, फावड़ा, दरांती जैसे उपकरण तैयार किए, जिससे खेती अधिक आसान और उत्पादक बनी। आधुनिक युग में भी इस समाज के कारीगर कृषि यंत्रों के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि उस समय यह तकनीकी उपकरण उपलब्ध न होते, तो कृषि उत्पादन इतना प्रभावी नहीं हो पाता। इस दृष्टि से मुल्तानी समाज ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दिया। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका हुनर आधारित ज्ञान है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता आया है। बिना किसी औपचारिक डिग्री के, इस समाज के कारीगर जटिल तकनीकी कार्यों को बड़ी कुशलता से अंजाम देते हैं। धातु को आकार देना, लकड़ी को उपयोगी संरचना में बदलना, औजारों की डिजाइनिंग और उनकी मजबूती सुनिश्चित करना ए सभी कार्य उनकी व्यावहारिक इंजीनियरिंग क्षमता को दर्शाते हैं।

**उनकी बनाई गई युद्ध सामग्री न केवल मजबूत होती थी, बल्कि युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और विजय में अहम भूमिका निभाती थी। शगुफ्ता मिर्जा ने बताया कि केवल युद्ध ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में भी मुल्तानी समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। इस समाज ने किसानों के लिए हल, बैलगाड़ी, कुदाल, फावड़ा, दरांती जैसे उपकरण तैयार किए, जिससे खेती अधिक आसान और उत्पादक बनी। आधुनिक युग में भी इस समाज के कारीगर कृषि यंत्रों के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि उस समय यह तकनीकी उपकरण उपलब्ध न होते, तो कृषि उत्पादन इतना प्रभावी नहीं हो पाता। इस दृष्टि से मुल्तानी समाज ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दिया। मुल्तानी समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका हुनर आधारित ज्ञान है।**

**वर्तमान स्थिति और चुनौतियां**

इतिहास में इतने बड़े योगदान के बावजूद, आज मुल्तानी समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। बदलते समय के साथ मशीनों और बड़े उद्योगों के आने से पारंपरिक कारीगरों का काम प्रभावित हुआ है। आर्थिक संसाधनों की कमी, तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव और सरकारी योजनाओं तक सीमित पहुंच के कारण यह समाज मुख्यधारा से पीछे रह गया है। उनका कहना है कि हर सरकार ने मुल्तानी समाज के योगदान को नजरअंदाज किया है।

न तो उनके पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए और न ही युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल पाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मुल्तानी समाज के पारंपरिक कौशल को सरकारी स्तर पर मान्यता दी जाए। स्किल डेवलपमेंट योजनाओं से जोड़ा जाए कारीगरों को आर्थिक सहायता और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लेटफॉर्म दिए जाएं। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज के जागरूक लोग अब विभिन्न माध्यमों विशेषकर मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए अपने समुदाय की पहचान और योगदान को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि देश को मुल्तानी समाज का असली, देशभक्त और मेहनतकश चेहरा दिखाया जाए, ताकि उन्हें वह सम्मान और अवसर मिल सके जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज केवल एक कारीगर वर्ग नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी और आर्थिक प्रगति का आधार रहा है। आज आवश्यकता है कि इस समाज के योगदान को स्वीकार कर उसे सशक्त बनाया जाए। यदि उचित समर्थन और अवसर मिलें, तो यह समुदाय एक बार फिर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मुल्तानी समाज देश की उस मजबूत नींव की तरह है, जिस पर भारत की समृद्धि की इमारत खड़ी है बस जरूरत है उसे पहचानने और संवारने की।

# बलूचों के हमलों से यूएस-पाक माइनिंग प्रोजेक्ट संकट में

## कीमत करीब 64000 करोड़, 4 महीने पहले 500 लड़ाकों ने 58 लोगों की हत्या की थी

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बढ़ती हिंसा ने अमेरिका-पाकिस्तान के रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट को संकट में डाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी वैल्यू करीब 7.7 अरब डॉलर (64000 करोड़) है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के 500 से ज्यादा लड़ाकों ने 31 जनवरी को बलूचिस्तान के कई इलाकों में हमला कर 58 लोगों की हत्या कर दी थी, जिससे रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए।



■ हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया
■ कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया

हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया, जिससे क्वेटा और कराची के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित हुई। कुछ हमलावरों ने आत्मघाती विस्फोट भी किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने आटोमैटिक राइफल और ग्रेनेड लान्चर जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ हथियार अफगानिस्तान में 2021 के बाद छोड़े गए अमेरिकी हथियार बताए जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इतने बड़े स्तर पर हमला बिना लोकल समर्थन, मजबूत नेटवर्क और पर्याप्त हथियारों के मुमकिन नहीं है। हमलों का असर बलूचिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण खनन प्रोजेक्ट रेको डिक पर पड़ा। यह क्षेत्र सोना और तांबे के बड़े भंडार के लिए जाना जाता है। हमलों के बाद इस साइट तक जाने वाले रास्ते कई दिनों तक बंद रहे, जिससे आपरेशन प्रभावित हुआ। यह प्रोजेक्ट अमेरिका और पाकिस्तान के बीच आर्थिक साझेदारी का केंद्र माना जा रहा है। अमेरिका ने इस प्रोजेक्ट में करीब 1.3 अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है, जबकि कुल निवेश 2 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। कनाडा की बैरिक माइनिंग कंपनी ने सुरक्षा कारणों से प्रोजेक्ट की गति धीमी कर दी है और 2027 तक देरी की बात कही है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर रेको डिक प्रोजेक्ट प्रभावित होता है, तो अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी को बड़ा झटका लग सकता है। पिछले कुछ सालों में बीएलए के हमले अधिक संगठित और तकनीकी रूप से मजबूत हुए हैं। यह संगठन अब सिर्फ सुरक्षा बलों ही नहीं, बल्कि नागरिकों और विदेशी निवेश को भी निशाना बना रहा है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में बीएलए अपने हमलों को 'आजादी की लड़ाई' के रूप में पेश करता है, जिससे उसे स्थानीय युवाओं का समर्थन मिल रहा है। बलूचिस्तान में अलगाववाद की शुरुआत 1948 में पाकिस्तान के गठन के बाद हुई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनके क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का फायदा बाहरी कंपनियां और केंद्र सरकार उठाती हैं, जबकि उन्हें रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलतीं। इसी असंतोष के कारण शिक्षित युवाओं का एक वर्ग भी उग्रवाद की ओर झुक रहा है। बलूचिस्तान की सीमा ईरान और अफगानिस्तान से लगती है। ऐसे में इन देशों में अस्थिरता का सीधा असर इस क्षेत्र पर पड़ता है। पाकिस्तानी अधिकारियों को आशंका है कि अगर ईरान के पूर्वी हिस्से में हालात बिगड़ते हैं, तो बीएलए जैसे संगठन और मजबूत हो सकते हैं और सीमा पार से हमले बढ़ सकते हैं।



प्रयागराज। राष्ट्रीय पात्रता-सह प्रवेश परीक्षा (NEET&UG) में शामिल होने से पहले उम्मीदवारों की जांच करते हुए।

## चीन ने अपनी कंपनियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों को किया खारिज

**मॉस्को।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक नया नियम जारी कर अमेरिका के उन प्रतिबंधों पर रोक लगा दी है जो पांच चीनी तेल कंपनियों पर लगाए गए थे। चीन ने साफ कर दिया है कि वह अपने देश में अमेरिकी प्रतिबंधों को न तो मान्यता देगा और न ही इनका पालन करेगा। अमेरिकी प्रशासन ने अप्रैल में ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे एक अभियान के तहत पांच चीनी कंपनियों को निशाना बनाया था। इनमें 'हेंगली पेट्रोकेमिकल' भी शामिल है। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां ईरान से तेल खरीदकर उसकी मदद कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना प्रमुख का म्यांमार में गार्ड ऑफ आनर के साथ स्वागत

**नेपीडा।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने अपनी म्यांमार यात्रा दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को नई दिशा देने पर जोर दिया। उनका यह दौरा हिंद महा. सागर क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के मकसद से अहम माना जा रहा है। इस दौरान उन्होंने म्यांमार नौसेना के फ्रिगेट यूएमएस क्यान सित थार पर सवार होकर वहां की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और नौसेना बेड़े की ताकत के बारे में जानकारी ली।

### भारतीय सैन्य दल अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए कंबोडिया रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक दल भारत-कंबोडिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास सिनबैक्स-द्वितीय में हिस्सा लेने के लिए रविवार को कंबोडिया रवाना हो गया। यह अभ्यास सोमवार से 17 मई तक कंबोडिया के कंम्पोंग स्प्यू प्रांत स्थित तेचो सेन फ्नोम थॉम म्रियास प्रांतीय रॉयल कंबोडियन एयर फोर्स प्रशिक्षण केंद्र (कैम्प बेसिल) में होगा। मित्र देशों के साथ भारत के सतत रक्षा सहयोग के तहत कंबोडिया के साथ यह द्विपक्षीय अभ्यास वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिदृश्य में विशेष महत्व रखता है।

### तमाम तरह की स्वतंत्रता प्रेस की आजादी पर टिकी: एंटोनियो गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुनिया भर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और सच्चाई बताने वालों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के बिना मानवाधिकार, निरंतर विकास और शांति की कल्पना नहीं की जा सकती।

# अमेरिका की नाक के नीचे से निकला ईरानी सुपर टैंकर

## अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर होर्मुज से दो हजार करोड़ का तेल किया पार

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच लुकाछिपी के खेल में एक ताजा रिपोर्ट ने विश्वभर में खलबली मचा कर रख दी है। मानिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडाटकाम ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है।

इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि समुद्र में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है। इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समुद्र में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है। यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है। इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है। मानिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडाटकाम के मुताबिक, ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है। इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है। इस विशाल जहाज (वेरी लार्ज क्रूड कैरियर या वीएलसीसी) का संबंध नेशनल इरानियन टैंकर कंपनी से बताया जा रहा है। ट्रैकिंग फर्म ने जानकारी दी है कि इस खास जहाज की पहचान ह्यूज नाम से की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था। फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाक. बंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था। इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना आटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था। इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमे. रिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। शनिवार को न्यूज़ वेबसाइट एक्सियोस ने कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमे. रिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपये (45600 करोड़ रुपये) के तेल राजस्व का है।



■ ईरानी जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंचा, घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर सवाल खड़े हुए

### ईरान तेल उत्पादन में कर सकता है कटौती: रिपोर्ट

**मॉस्को।** ईरान ने कथित तौर पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी के चलते तेल उत्पादन में कटौती शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह दावा किया है। एजेंसी ने कहा कि ईरान तेल उत्पादन में कटौती कर रहा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, ईरानी इंजीनियर कुओं को बंद करने और गंभीर नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन को तुरंत फिर से शुरू करने में सक्षम हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी और पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बाद में हुई बातचीत बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच फिलहाल किसी तरह की गोलीबा. री की कोई खबर नहीं है, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। ब्लूमबर्ग के अनुसार, ईरानी इंजीनियर कुओं को बंद करने और गंभीर नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन फिर से शुरू करने में सक्षम हैं।

### इराक ने सीरिया के रास्ते शुरू किया तेल निर्यात

**बगदाद।** इराक ने सीरिया के अल-यारूबियाह बॉर्डर क्रासिंग के जरिए तेल निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। 70 टैंकरों का एक काफिला इस रास्ते से सीरिया में दाखिल हुआ, जो पिछले 14 वर्षों में इस मार्ग से पहला ऐसा शिपमेंट है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी एसएएनए के अनुसार, काफिले ने भूमध्यसागर तट पर स्थित बानियाज रिफाइनरी का रुख किया। अल-यारूबियाह क्रासिंग पर तैनात सीरियाई अधिकारियों ने कहा 14 साल बाद इस क्रासिंग का फिर से खुलना इराक और सीरिया के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इससे व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को अधिक प्रभावी ढंग से सुगम बनाया जा सकेगा और दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी विकसित होगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब इराक अपने तेल निर्यात के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा है, क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, अमेरिका-इजराश्ल और ईरान के तनाव के चलते बंद है। यह बॉर्डर क्रासिंग, जिसे इराक में राबिया के नाम से जाना जाता है, 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दी गई थी।

## प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने को प्रतिबद्ध है सरकार: जरदारी

■ पाक राष्ट्रपति और पीएम ने जिम्मेदार पत्रकारिता सच्चाई और विश्वसनीय जानकारी की भूमिका पर जोर दिया

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और उसे आगे बढ़ाने के सरकार के संकल्प को दोहराया है।

गौरतलब है कि हर साल तीन मई को मनाए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के इस साल का विषय 'शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण' है। द पाकिस्तान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जरदारी और शरीफ ने रविवार को लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और मीडिया की स्वतंत्रता के लिए अनुकूल माहौल बनाने में जिम्मेदार पत्रकारिता, सच्चाई और विश्वसनीय जानकारी की भूमिका पर जोर दिया। जरदारी ने अपने संदेश में दुनिया भर के मीडिया कर्मियों को बधाई दी और प्रेस की स्वतंत्रता के लिए बढ़ते वैश्विक खतरों के प्रति आगाह किया, जिनमें गलत जानकारी, भ्रामक जानकारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपयोग, एल्गोरिथम में हेरफेर, और शक्तिशाली टेक प्लेटफॉर्म तथा सोशल मीडिया कंपनियों का दबाव शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतें सार्वजनिक विमर्श को विकृत कर सकती हैं और लो. कतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती हैं।

## ट्रम्प ईरान की 14 सूत्री योजना की करेंगे समीक्षा

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की संभावना से इन्कार नहीं किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह जल्द ही ईरान द्वारा अमेरिका को भेजे गए 14 सूत्री शांति प्रस्ताव की समीक्षा करेंगे और कहा कि इसके स्वीकार्य होने की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि मैं जल्द ही ईरान द्वारा अमेरिका को भेजी गई योजना की समीक्षा करूंगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगी क्योंकि उन्होंने पिछले 47 वर्षों में मानवता एवं विश्व के साथ जो किया है उसके लिए उन्होंने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। ट्रम्प ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की संभावना से इन्कार नहीं किया। फ्लोरिडा में पत्रकारों से इस मामले पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर वे दुर्व्यवहार करते हैं, अगर वे कुछ गलत करते हैं तो यह एक संभावना है कि ऐसा हो सकता है लेकिन अभी हम देखेंगे। तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के साथ संघर्ष के लिए ईरान की शांति योजना में 14 बिंदु शामिल हैं और इसमें तेहरान को हर्जाना देना और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के आवागमन के लिए एक नया तंत्र बनाना शामिल है। इससे पहले आईआरएनए ने खबर दी थी कि 30 अप्रैल को ईरान ने अपनी नई शांति योजना का मसौदा पाकिस्तान को सौंप दिया था। प्रकाशन के अनुसार, अमेरिका ने दो महीने के युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है लेकिन ईरान का कहना है कि मुद्दों का समाधान 30 दिनों के भीतर होना चाहिए, जिससे युद्धविराम के नवीनीकरण के बजाय युद्ध की पूर्ण समाप्ति पर ध्यान केंद्रित हो गया है। तेहरान की प्रमुख मांगों में हर्जाना, सैन्य आक्रामकता की पुनरावृत्ति न होने की गारंटी, ईरानी परिधि से अमेरिकी सेनाओं की वापसी, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की समाप्ति और वहां जहाजों के आवागमन के लिए एक नया तंत्र स्थापित करना शामिल है। ईरान विदेशों में स्थित अपनी संपत्तियों को मुक्त करने और प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग कर रहा है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## नेपाल में समाचार समिति सहित 1200 अधिकारियों की सामूहिक बर्खास्तगी

■ नेपाल में नई सरकार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस स्वतंत्रता और संस्थागत निरंतरता पर गंभीर बहस छेड़ी

**काठमांडू।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां दुनिया भर में स्वतंत्र पत्रकारिता, संस्थागत स्वायत्तता और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की रक्षा की बात हो रही है, वहीं नेपाल में नई सरकार ने राष्ट्रीय समाचार समिति सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों से 1200 से अधिक अधिकारियों की एक झटके में बर्खास्त करके प्रेस स्वतंत्रता और संस्थागत निरंतरता पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा जारी अध्यादेश सार्वजनिक पदा. धिकारियों को पद से हटाने संबंधी विशेष प्रावधान अध्यादेश, 2026 के तहत 26 मार्च से पहले नियुक्त सभी सार्वजनिक पदाधिकारियों को स्वत: पदमुक्त कर दिया गया। इस कदम के दायरे में प्रशासनिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, नियामक और मीडिया संस्थान आदि आते हैं। इसे हाल के वर्षों में किए गए सबसे व्यापक प्रशासनिक सुधारों में से एक बताया जा रहा है। इस प्रावधान के तहत यह अनिवार्य है कि 26 मार्च से पहले की गई सभी नियुक्तियां स्वत: ही समाप्त मानी जाएंगी, चाहे उनका कार्यकाल, लाभ या नियुक्ति की शर्तें कुछ भी हों। प्रचलित कानूनों में कहीं और कही गई किसी भी बात के बावजूद, 26 मार्च से पहले की समय-सारिणी के अनुसार सार्वजनिक संस्थाओं में नियुक्त और वर्तमान में पद पर आसीन सार्वजनिक अधिकारियों को, इस अध्यादेश के लागू होते ही, उनके संबंधित पदों से स्वत: हटा दिया जाएगा कि दस्तावेज में यह कहा गया है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)